सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार) - शारदीय नवरात्रि पर्व के अवसर पर कुदरगढ़ में आयोजित मेले में श्रद्धालुओं एवं आमजन को सुरक्षित, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विभिन्न दुकानों एवं होटलों का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील एवं उप संचालक के निर्देशानुसार अभिहित अधिकारी श्रीमती पुष्पा राज चौहान तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती दीपा साहू ने मेले में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, उपयोग की अंतिम तिथि तथा साफ सफाई की व्यवस्थाओं की जांच की। निरीक्षण के दौरान एक दुकान में फ्रूट के 10 एक्सपायरी पैकेट पाए गए, जिन्हें मौके पर ही नष्ट कराया गया। साथ ही खाद्य कारोबारियों को खाद्य पदार्थों को अखबार में रखकर परोसने या पैक करने से बचने तथा प्रतिष्ठानों में स्वच्छता बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए गए। विभागीय अधिकारियों ने मिठाइयों में केवल निर्धारित मानकों के अनुरूप अनुमत खाद्य रंगों का उपयोग करने तथा होटलों में खाद्य पदार्थ तलने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले तेल की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।

Samsung Solve for Tomorrow 2026 में चार टीमों ने जीते 2 करोड़

Samsung India ने आज Samsung Solve for Tomorrow 2026 के विजेताओं की घोषणा की। इस साल प्रतियोगिता में 28 राज्यों और सात केंद्र शासित प्रदेशों के 648 शहरों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। नई दिल्ली में आयोजित Grand Finale में चार टीमों ने Samsung की ओर से कुल 2 करोड़ की इन्क्यूबेशन ग्रांट जीती, जिससे वे अपने तकनीक आधारित समाधानों को आगे बढ़ा सकेंगी। विजेता टीमें हैं — उत्तर प्रदेश के रायबरेली से QuantHunt, छत्तीसगढ़ के रायपुर से morphism, नई दिल्ली से InnoBotix और तेलंगाना के हैदराबाद से Somatrace। इन टीमों को FITT, IIT Delhi में मेंटरशिप और इन्क्यूबेशन सहायता भी मिलेगी। इससे उन्हें अपने प्रोटोटाइप को बेहतर बनाने और ऐसे समाधान तैयार करने में मदद मिलेगी, जिन्हें बाजार में इस्तेमाल किया जा सके और जो भविष्य में स्टार्टअप का रूप ले सकें। भारत में इस साल के फाइनलिस्ट छह महीने की प्रक्रिया के बाद चुने गए। इस दौरान 135 शहरों में 184 Design Thinking वर्कशॉप आयोजित की गईं। इसके अलावा, प्रतिभागियों ने गहन बूटकैंप, प्रोटोटाइप तैयार करने और अपने आइडिया की प्रस्तुति के मूल्यांकन जैसी प्रक्रियाओं में हिस्सा लिया। उन्होंने चार विषयों पर अपने समाधान पेश किए: भारत के लिए AI-आधारित जीवनशैली, स्वास्थ्य और शिक्षा, खेल एवं तकनीक और पर्यावरणीय स्थिरता। भारत में अपने पांचवें संस्करण में पहुंच चुका Samsung Solve for Tomorrow एक वैश्विक कार्यक्रम का हिस्सा है। 2022 से अब तक इसमें करीब 80,000 छात्र हिस्सा ले चुके हैं। इन छात्रों ने विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित (STEM) का इस्तेमाल करके अपने समुदायों की समस्याओं को पहचाना और उनके समाधान विकसित किए हैं।

चार विजेता समाधान भारत के लिए AI-आधारित जीवनशैली: QuantHunt – रायबरेली, उत्तर प्रदेश: AI पर आधारित साइबर सुरक्षा समाधान, जो एन्क्रिप्शन में मौजूद कमजोरियों की पहचान करता है और संगठनों को क्वांटम कंप्यूटिंग से जुड़े भविष्य के जोखिमों के लिए अपने डिजिटल सिस्टम तैयार करने में मदद करता है।

स्वास्थ्य और शिक्षा: morphism – रायपुर, छत्तीसगढ़: AI सिस्टम, जो चेहरे के सूक्ष्म भावों और व्यवहार से जुड़े अन्य संकेतों का विश्लेषण करके ऑटिज्म से जुड़े व्यक्तियों को भावनाओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद करने के लिए बनाया गया है।

रामनगर ग्राम में दुर्गा पूजा एवं रावण दहन की धूम

विधि विधान से हो रहा है मां की आराधना

सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार) ग्राम पंचायत रामनगर में मां सती रामनगर दुर्गा पूजा समिति पिछले 14 वर्ष से निरंतर मां दुर्गा की विशाल पंडाल एवं मूर्ति स्थापित करके पूजा अर्चना की जा रही है मंदिर समिति दशानन रावण का पुतला धाम का अभियान करती है।

दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी के अध्यक्ष रोहित प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष शिलाख सिंह, सचिव भूपेश प्रजापति ,दिनेश यादव, विनोद कुशवाहा, पपलू यादव, कोषांध्यक्ष जगरनाथ यादव , वस्थापक संगीता सिंह ,सरपंच संरक्षक बाबूलाल यादव, सुशील श्रीवास्तव , कार्यकारणी सदस्य भुनेश्वर प्रजापति ,राधे प्रजापति कनीलाल जुगेश्वर लालमान ,दिनेश ,रामसेवक मरकाम , धर्मजीत सिंह, देवचरण सिंह, गंगासागर जायसवाल ,सुरेश जायसवाल, दौलत जायसवाल ,बिजेन्द जायसवाल ,धनाई यादव, बिजय यादव ,अरुण कुशवाहा ,राजकुमार कुशवाहा ,महिलाल मानिकपुरी ,लालचंद, जयदेव रजवाड़े ,ललन सिंह कहीं समस्त ग्राम मासी रामनगर के सहयोग से लगातार 16 वर्षों से मां दुर्गा की 10 दोनों तक विधि विधान से धार्मिक आयोजन हो रहा है।यहां विशाल दशहरा उत्सव मनाया जाता है ग्राम के उत्साही युवकों द्वारा रंगमंच एवं संगीत संध्या का भी आयोजन किया जाता है यही नहीं युवको टीम रात जागा का आयोजन करता है पूरा रामनगर मां दुर्गा की आराधना में डूबा हुआ है। दसवीं के दिन लंका पति रावण का विधि विधान से दहन किया जाता है।

दंतेश्वरी मंदिर पर अटूट आस्था: अमेरिका, लंदन, दुबई और कनाडा में बसे श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन कराई मनोकामना ज्योति की स्थापना

राजेश दनानी

जगदलपुर. मां दंतेश्वरी के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था और ख्याति देश में ही नहीं बल्कि सात समंदर पार विदेशों तक है। शारदीय नवरात्र के दौरान अमेरिका, लंदन, दुबई और कनाडा में रहने वाले भक्तों ने ऑनलाइन बुकिंग माध्यम से मां दंतेश्वरी मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना कराई है। इनमें अमेरिका, लंदन और दुबई से तीन और कनाडा के दो श्रद्धालु शामिल हैं। विदेशों में रहने के बावजूद भक्त मां के दरबार में अपनी आस्था की ज्योति प्रज्वलित करा रहे हैं।

मंदिर परिसर में इस वर्ष कुल 6 हजार 5 सौ ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। इनमें 637 घी के कलश है। मंदिर परिसर के तीन भवनों में स्थापित ये ज्योतियां नवरात्र के नौ दिनों तक अखंड प्रज्वलित रहेंगी। इनकी देखरेख के लिए सेवक दिन रात तैनात हैं। ज्योति की लो निरंतर जलती रहे, इसके लिए कलशों में तेल और घी की नियमित आपूर्ति की जाती है।

तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी- नवरात्र के तीसरे दिन मां दंतेश्वरी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भक्तों ने पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख- समृद्धि और मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की। जयकारों और हजारों ज्योति कलशों की रोशनी से मंदिर परिसर भक्तिमय नजर आया। शारदीय नवरात्र के दौरान मां दंतेश्वरी का प्रतिदिन आकर्षक श्रृंगार किया जा रहा है। मां को फूलों की मालाओं से सजाया जा रहा है। देवी के दर्शन और पूजा के लिए पहुंच रहे श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है।

कुदरगढ़ नवरात्रि मेले में खाद्य सुरक्षा विभाग की सघन जांच, अमानक खाद्य पदार्थों पर सख्ती

खाद्य प्रतिष्ठानों में स्वच्छता एवं गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश, नियमों के उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई

सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार) - शारदीय नवरात्रि पर्व के अवसर पर कुदरगढ़ में आयोजित मेले में श्रद्धालुओं एवं आमजन को सुरक्षित, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विभिन्न दुकानों एवं होटलों का निरीक्षण किया गया।

कलेक्टर श्रीमती रेना जमील एवं उप संचालक के निर्देशानुसार अभिहित अधिकारी श्रीमती पुष्पा राज चौहान तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती दीपा साहू ने मेले में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, उपयोग की अंतिम तिथि तथा साफ-सफाई की व्यवस्थाओं की जांच की।

निरीक्षण के दौरान एक दुकान में फ्रूट के 10 एक्सपायरी पैकेट पाए गए, जिन्हें मौके पर ही नष्ट कराया गया। साथ ही खाद्य कारोबारियों को खाद्य पदार्थों को अखबार में रखकर परोसने या पैक करने से बचने तथा प्रतिष्ठानों में स्वच्छता बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए गए।

विभागीय अधिकारियों ने मिठाइयों में केवल निर्धारित मानकों के अनुरूप अनुमत खाद्य रंगों का उपयोग करने तथा होटलों में खाद्य पदार्थ तलने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले तेल की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही बार-बार उपयोग किए गए तेल से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों के प्रति भी सचेत किया गया।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने समझाइश स्पष्ट किया है कि आमजन के स्वास्थ्य एवं खाद्य सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। मेले सहित अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों में निरीक्षण एवं जांच की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

संक्षिप्त समाचार

वी ने भारत के पहले प्रीपेड फैमिली प्लान के साथ की एक नई शुरूआत

रायपुर: वी ने पेश किया अपनी तरह का पहला प्रपोज़िशन, जिसके तहत प्रीपेड ग्राहक वी ऐप पर अपना वी प्रीपेड फैमिली ग्रुप बना सकते हैं, और देश में कहीं से भी डेटा शेयर कर सकते हैं, गारंटीड बचत और खास ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं। वी के दृष्टिकोण 'वी पे सब हैं वीआईपी' - के अनुसार हर व्यक्ति को सभी महत्वपूर्ण फायदे मिलने ही चाहिए। इसी वादे को आगे बढ़ाते हुए, वी लेकर आए हैं 'वी प्रीपेड फैमिली प्लान' भारत का पहला ऐसा प्लान जो पारंपरिक प्लान्स से बिल्कुल अलग है। इसके द्वारा परिवार के सदस्य एक दूसरे से दूर चाहे देश के किसी भी कोने में हों, वे एक-दूसरे के साथ डेटा शेयर कर सकते हैं। वी द्वारा पेश की गई यह नई सुविधा प्रीपेड इस्तेमाल के पुराने तरीके को पूरी तरह से बदल देगी। क्योंकि इससे यूजर्स को अपने परिवार के सदस्यों के साथ डेटा शेयर करने की सुविधा मिलती है, खासकर तब जब उनका डेटा खत्म होने वाला हो। आज की डिजिटल-फर्स्ट दुनिया में, अगर डेटा खत्म हो जाए तो आप कई ज़रूरी चीज़ें मिस कर सकते हैं। डेटा खत्म होने पर हो सकता है कि कोई जरूरी वीडियो कॉल बीच में ही छूट जाए, ऑनलाइन क्लास रुक जाए, मैप का एक्सेस न मिलने के कारण आप बीच रास्ते कहीं फंस जाएं, या जरूरी ऐप्स और सेवाओं का इस्तेमाल न कर पाएं। रोज़मर्रा के जीवन में परिवार के सदस्य कई तरह से एक-दूसरे की मदद करते हैं। तो अब मोबाइल डेटा भी किसी एक व्यक्ति के निजी रिसोर्स के रूप में सीमित नहीं रहा, वी का प्रीपेड फैमिली प्लान इसे बदलने जा रहा है। वी के सभी एक्टिव प्रीपेड ग्राहक वी ऐप का इस्तेमाल करके चार सदस्यों तक का एक फैमिली ग्रुप बना सकते हैं; जिसमें एक प्राइमरी मेंबर (मुख्य सदस्य) और तीन सेकेंडरी मेंबर (अन्य सदस्य) हो सकते हैं।

भारत के पर्यटन बुनियादी ढांचे को आर्थिक विकास के साथ कदम मिलाने की जरूरत है; एमआईसीई क्षेत्र में विस्तार की काफी संभावनाएं हैं

मुंबई: भारत ने विश्व स्तरीय कन्वेंशन और प्रदर्शनी बुनियादी ढांचे के विकास में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन देश के सामान्य बुनियादी ढांचे के विकास और पर्यटन व आतिथ्य क्षेत्र की क्षमता के बीच अभी भी एक बड़ा अंतर है। भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के अनुसार, इस अंतर को पाटना 'मीटिंग्स, इंसेंटिव्स, कॉन्फ्रेंसेस और एग्जीबिशन' (एमआईसीई) उद्योग में भारत की पूरी क्षमता को उजागर करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव और प्रबंध निदेशक श्री सुमन बिल्ला ने मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में 'इंडियन एग्जीबिशन इंडस्ट्री एसोसिएशन' द्वारा आयोजित 'एमआईसीई इंडस्ट्री लीडर्स कनेक्ट' में बोलते हुए कहा, ÷पिछले एक दशक में भारत के एमआईसीई बुनियादी ढांचे में बड़ा बदलाव आया है। देश के पास अब ऐसे आधुनिक कन्वेंशन सेंटर और प्रदर्शनी स्थल हैं, जो बड़े अंतरराष्ट्रीय आयोजनों की मेजबानी करने में सक्षम हैं। जी-20 की अध्यक्षता सहित कई बड़े वैश्विक आयोजनों के अनुभव ने इसमें मदद की है। भारत मंडपम, यशोभूमि और जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर जैसी प्रमुख सुविधाएं यह दर्शाती हैं कि देश अब बड़े पैमाने पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों, प्रदर्शनियों और व्यावसायिक आयोजनों की मेजबानी करने में अधिक सक्षम हो गया है। श्री बिल्ला ने आगे कहा, ÷महाराष्ट्र कन्वेंशन ब्यूरो की स्थापना, मुंबई और महाराष्ट्र को वैश्विक एमआईसीई (मीटिंग्स, इंसेंटिव्स, कॉन्फ्रेंसेस और एग्जीबिशन) मानचित्र पर अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कलर्स के कलाकारों ने नवरात्रि पर अपने त्योहारी विचार साझा किए

'शायद यही है प्यार' में प्रीति का किरदार निभाने वाली अदिति देव शर्मा ने कहा, नवरात्रि शक्ति का उत्सव है। यह हमारे भीतर मौजूद उस ताकत का जश्न है, जो हमें अपने डर पर जीत हासिल करने, बदलाव को अपनाने और खुद को चुनने का साहस देती है। प्रेम और रोशनी इस पर्व के मूल भाव हैं। और मेरा मानना है कि कुछ लोग हमारी ज़िंदगी में रोशनी की एक किरण बनकर आते हैं, जो हमारी जानीपहचानी दुनिया को बदल देते हैं और हमें जीवन को एक बिल्कुल नए नज़रिए से देखने का मौका देते हैं। 'शायद यही है प्यार' में आरव, प्रीति के लिए वही रोशनी बनकर आता है। वह उसकी ज़िंदगी में तब आता है, जब वह इसकी बिल्कुल उम्मीद नहीं कर रही होती, और उसे प्यार के बारे में अपनी हर धारणा पर दोबारा सोचने के लिए प्रेरित करता है। साथ ही, वह उसे खुद को चुनने की खुशी और प्यार में आगे बढ़ने का साहस भी देता है। उनकी कहानी को खास बनाने वाली बात यह है कि यह सिर्फ किसी से प्यार करने की कहानी नहीं है, बल्कि इस सफर में खुद को खोज लेने की भी कहानी है। और मेरे लिए यही बात नवरात्रि की भावना को खूबसूरती से दर्शाती है। यह उस महिला की शक्ति की कहानी है, जो अपनी ताकत को पहचानती है, अपने दिल की सुनती है और समाज द्वारा तय की गई सीमाओं को तोड़ने का साहस करती है। इस नवरात्रि, मैं उम्मीद करती हूँ कि हम उन लोगों का जश्न मनाएँ, जो हमारी ज़िंदगी में रोशनी लेकर आते हैं और हमें यह एहसास दिलाते हैं कि कभीकभी एक इंसान न सिर्फदुनिया को देखने का हमारा नज़रिया बदल सकता है।

दैनिक
विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

संपादकीय

अपेक्षित लाभ प्राप्त

अंतरराष्ट्रीय अवसरों का लाभ उठाने के लिए भी जरूरी है कि देशी अर्थव्यवस्था में निवेश एवं प्रतिस्पर्धा के अनुकूल स्थितियां हों। इसके अभाव में ना संरक्षणवाद काम आया है, और ना खुले व्यापार का रास्ता! एक के बाद एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) करना तीसरे कार्यकाल में नरेंद्र मोदी सरकार की प्राथमिकता रही है। इनसे धारणा बनाई गई कि अब उन समस्याओं का हल निकल आएगा, जिन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था को घेरे रखा है। लेकिन मशहूर अमेरिकी थिंक टैंक- सेंटर फॉर इंटरनेशनल एंड स्ट्रेटेजिक स्टडीज (सीएसआईएस) के एक अध्ययन पत्र का निष्कर्ष है कि ये समझौते भारत के व्यापार ढांचे या मैनुफैक्चरिंग की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाने में नाकाम रहे हैं। जिन देशों या देश समूहों के साथ करार हुए, उनसे भारत का द्विपक्षीय व्यापार जरूर बढ़ा है, लेकिन निर्यात आधारित विकास की महत्त्वाकांक्षा को पूरी करने में इनका कोई खास योगदान बनता नहीं दिखता। पत्र में जोर दिया गया है कि भूमि, श्रम, बिजली और जल की आपूर्ति, और विवादों के कुशल न्यायिक समाधान से संबंधित चुनौतियां बनी हुई हैं। दस्तावेज की दलील है कि इन बिंदुओं पर प्रगति के बिना भारतीय कंपनियां अपेक्षित प्रतिस्पर्धा क्षमता हासिल नहीं कर सकेंगी, जिससे वे एफटीए से मिले बाजार अवसरों का पूरा लाभ उठा सकें। इसमें ध्यान दिलाया गया है कि सत्ता में आने के बाद नरेंद्र मोदी सरकार ने 'मेक इन इंडिया' योजना के तहत संरक्षणवाद को तरजीह दी। इसके तहत शुल्क और गैर शुल्क रुकावटें खड़ी कर घरेलू उत्पादकों को संरक्षण दिया गया। लेकिन इस योजना के परिणाम निराशाजनक रहे। भारतीय जीडीपी में मैनुफैक्चरिंग का योगदान 13-15 प्रतिशत के बीच बना रहा। तब मोदी सरकार ने एफटीए की नीति अपनाई। इस दौरान यूएई, ऑस्ट्रेलिया, यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन, ओमान, ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और यूरेपियन यूनियन से एफटीए करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए गए। लेकिन इन समझौतों से अपेक्षित लाभ प्राप्त होते नहीं दिख रहे हैं। इस दौरान एक और मुश्किल अमेरिका में डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन के संरक्षणवादी नीति अपनाने लेने से पेश आई है। इससे पूरी दुनिया का व्यापारिक माहौल बिगड़ गया है। बहरहाल, महत्त्वपूर्ण बात यह है कि अंतरराष्ट्रीय अवसरों का लाभ उठाने के लिए भी यह जरूरी है कि देशी अर्थव्यवस्था में निवेश एवं प्रतिस्पर्धा के लिए अनुकूल स्थितियां हों। इसके अभाव में ना तो संरक्षणवाद काम आया है, और ना ही खुले व्यापार का रास्ता!

प्रदीप कुमार जैन:पत्रकारिता का राष्ट्रीय विश्वास,प्रेस काउंसिल में पुनः दायित्व

राजेन्द्र जैन महावीर
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,
जैन पत्रकार महासंघ

पत्रकारिता में पद मिलना उपलब्धि हो सकती है, लेकिन वर्षों तक विश्वास अर्जित करना और उसे बनाए रखना ही किसी पत्रकार की वास्तविक पूंजी है। श्री प्रदीप कुमार जैन की पत्रकारिता यात्रा इसी विश्वास, संस्कार और निरंतर कर्मशीलता की कहानी है। राष्ट्रीय स्तर पर राजा श्रेयांस पत्रकारिता पुरस्कार, से सम्मानित श्री जैन का प्रेस काउंसिल ऑफइंडिया में पुनः सदस्य मनोनयन उनकी दीर्घ पत्रकारिता साधना और सामाजिक सरोकारों की राष्ट्रीय स्वीकृति है। 7 अक्टूबर 2026 की केंद्र सरकार की अधिसूचना के माध्यम से उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है।

यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है कि जिस 'दैनिक विश्व परिवार' की पत्रकारिता परंपरा से श्री प्रदीप कुमार जैन जुड़े हैं, वह स्वयं अब अपनी यात्रा के स्वर्णिम वर्ष में प्रवेश कर चुका है। वर्ष 1976 में झांसी से स्वर्गीय श्री कैलाशचंद जी द्वारा स्थापित 'दैनिक विश्व परिवार' ने पांच दशकों की यात्रा में पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। आज यह समाचार-पत्र झांसी और रायपुर दोनों स्थानों व दो राज्यों से प्रकाशित हो रहा है। स्वर्णिम वर्ष के अवसर पर परिवार की इस गौरवपूर्ण पत्रकारिता परंपरा के प्रतिनिधि श्री प्रदीप कुमार जैन का राष्ट्रीय पत्रकारिता के सर्वोच्च संस्थागत मंचों में से एक प्रेस काउंसिल ऑफइंडिया में पुनः दायित्व प्राप्त करना निश्चित ही एक विशेष और गौरवपूर्ण संयोग है।

'विश्व परिवार'—नाम में ही एक व्यापक दृष्टि

विश्व परिवार केवल एक समाचार-पत्र का नाम नहीं, बल्कि एक विचार और जीवन-दृष्टि है। इसमें 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना के साथ प्राणीमात्र के कल्याण का व्यापक संदेश निहित है। ऐसे समय में जब पत्रकारिता में नकारात्मकता और सनसनी की प्रवृत्तियां अक्सर चर्चा में रहती हैं, दैनिक विश्व परिवार ने सकारात्मक, रचनात्मक और समाज को जोड़ने वाली पत्रकारिता को अपनी विशिष्ट पहचान बनाया है।

इस परंपरा की नींव रखने वाले स्वर्गीय श्री कैलाशचंद जी स्वयं पत्रकारिता के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व थे और उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष ,नगर पालिका झांसी के अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन कर चुके थे। परिवार की पत्रकारिता यात्रा को आगे बढ़ाने में उनके पुत्रों का भी उल्लेखनीय योगदान रहा। स्वर्गीय श्री प्रवीण कुमार जैन ने झांसी संस्करण में लगभग 15 वर्षों तक संपादक के रूप में अपनी सेवाएं देकर समाचार पत्र को विशेष ऊंचाइयां दीं और सामाजिक क्षेत्र में भी आपने विशिष्ट कार्य किए । उनके आकस्मिक निधन से पत्रकारिता का समाज सेवी चेहरा चिर निद्रा में विलीन हो गया ।

वर्तमान में श्री प्रदीप कुमार जैन झांसी के प्रधान संपादक के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, वहीं रायपुर से भी दैनिक विश्व परिवार का प्रकाशन निरंतर जारी है।

इस प्रकार पांच दशक की यह यात्रा केवल एक समाचार-पत्र की यात्रा नहीं, बल्कि एक परिवार द्वारा पत्रकारिता के मूल्यों, संस्कारों और सामाजिक दायित्व को पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ाने की कहानी है।

संस्कारों से शुरुआत, अध्ययन से विस्तार

1 मार्च 1962 को जन्मे श्री प्रदीप कुमार जैन ने हिन्दी, अंग्रेजी एवं राजनीति शास्त्र में एम.ए., एल.एल.बी. तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा प्राप्त किया। वर्ष 1983 में जर्मनी के बर्लिन स्थित अंतरराष्ट्रीय पत्रकारिता संस्थान से पत्रकारिता में डिप्लोमा हासिल किया। विविध विषयों में अर्जित यह शिक्षा उनकी व्यापक दृष्टि और अध्ययनशील व्यक्तित्व की आधारभूमि बनी।

दैनिक विश्व परिवार के संपादक के रूप में उन्होंने पत्रकारिता को स्थानीय जनजीवन, सामाजिक सरोकारों और सकारात्मक संवाद से जोड़ा। आकाशवाणी के वार्ताकार के रूप में भी उन्होंने जनसामान्य से जुड़े विषयों को प्रभावी अभिव्यक्ति दी। साहित्य के क्षेत्र में उनकी सक्रियता उनके रचनात्मक व्यक्तित्व का दूसरा

महत्वपूर्ण पक्ष है। 'चेतन तीर्थ मुनिराज हमारे', 'उनके घर में आनंद ही आनंद है', 'विश्व परिवार बचालो', 'जय लॉकडाउन देव—आरती', 'सबसे नौने नौने बोलो' और 'मां की महिमा कैसे गाऊं' जैसी काव्य रचनाएं उनकी साहित्यिक अभिरुचि को रेखांकित करती हैं।

सम्मान से राष्ट्रीय दायित्व तक

पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान को राजा श्रेयांस पत्रकारिता पुरस्कार, कोटा से राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाना उनकी यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है। प्रेस काउंसिल ऑफइंडिया में 2018 से 2021 तक सदस्य के रूप में उन्होंने परिषद में पत्रकारिता से जुड़े विषयों पर अपने अनुभव और सुझावों के माध्यम से सहभागिता निभाई।

अब, दैनिक विश्व परिवार के स्वर्णिम वर्ष में, उन्हें प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया में पुनः सदस्य मनोनीत किया जाना इस पूरी पत्रकारिता परंपरा के लिए विशेष गौरव का अवसर है। यह केवल व्यक्ति का सम्मान नहीं, बल्कि उस विचार और संस्कार का सम्मान भी है, जिसकी शुरुआत 1976 में झांसी से हुई थी और जो आज झांसी से रायपुर दो राज्यों तक अपनी पहचान बनाए हुए है।

वे जैन पत्रकार महासंघ के संरक्षक भी हैं। 30 सितंबर 2026 को रायपुर में उनके नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित राष्ट्रीय जैन पत्रकार सम्मेलन उनकी संगठनात्मक और समन्वयकारी क्षमता का उदाहरण रहा। देशभर से आए पत्रकारों की सहभागिता वाले इस आयोजन ने पत्रकारिता के सामाजिक, सांस्कृतिक और समसामयिक सरोकारों पर सार्थक संवाद का अवसर दिया।

पद से बड़ी पहचान—सहजता

श्री प्रदीप कुमार जैन की उपलब्धियों के बीच उनकी सबसे आत्मीय पहचान उनका सरल, सहज और समन्वयकारी व्यवहार है। लंबे सार्वजनिक जीवन और अनेक दायित्वों के बावजूद संवाद में उनकी आत्मीयता बनी रही है। यही गुण उन्हें पद से आगे एक ऐसे व्यक्तित्व के रूप में स्थापित करता है, जिसके साथ लोग सहजता से जुड़ते हैं।

उनकी यात्रा का सार यही है—पत्रकारिता विरासत में मिल सकती है, लेकिन विश्वसनीयता अर्जित करनी पड़ती है। स्वर्गीय कैलाशचंद जी द्वारा रोपे गए पत्रकारिता के बीज को परिवार की अगली पीढ़ियों ने अपने श्रम और संस्कारों से सींचा। स्वर्गीय प्रवीण कुमार जैन का योगदान हो या प्रदीप कुमार जैन का सतत नेतृत्व—विश्व परिवार की पांच दशक लंबी यात्रा इसी सामूहिक साधना का परिणाम है।

आज जब दैनिक विश्व परिवार अपने स्वर्णिम वर्ष का उत्सव मना रहा है, उसी समय प्रदीप कुमार जैन का राष्ट्रीय स्तर पर पुनः प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया का सदस्य मनोनीत होना इस यात्रा में एक नया स्वर्णिम अध्याय जोड़ता है।

श्री प्रदीप कुमार जैन को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। विश्वास है कि उनका अनुभव, संतुलित दृष्टिकोण और सहज नेतृत्व पत्रकारिता की मर्यादा, विश्वसनीयता और सामाजिक उत्तरदायित्व को नई मजबूती देगा। विश्व परिवार की तरह उनकी कलम भी सदैव समाज को जोड़ने, सकारात्मक सोच जगाने और प्राणीमात्र के कल्याण की भावना को स्वर देती रहे—यही मंगलकामना है।

आलेख

गंतव्य स्थल से आगे का पर्यटन: भारत की अगली बड़ी छलांग साझेदारी पर क्यों आधारित होनी चाहिए

गजेंद्र सिंह शेखावत

भारत में गंतव्य स्थलों की कभी कोई कमी नहीं रही है। कमी अगर रही है, तो बस उस संस्थागत परिकल्पना की, जिसके जरिये दुनिया इन स्थलों को जानने में सक्षम हो सके, वहाँ पहुँच सके, उन्हें अनुभव कर सके और सबसे ज़रूरी बात—वहाँ बार-बार जा सके। हमारी सांस्कृतिक विरासत बेमिसाल है: यहाँ सब कुछ है - प्राचीन शहर और जीवंत परंपराएँ, पवित्र परिदृश्य और वन्यजीव, वास्तुकला और शिल्प, खान-पान और त्योहार, पहाड़ और समुद्र तट, आदि। लेकिन सिर्फ़ विरासत से ही पर्यटन नहीं बनता। कोई स्मारक अपने-आप में गंतव्य स्थल नहीं होता; एक गंतव्य स्थल असल में एक पूरा इकोसिस्टम होता है। इसमें शामिल हैं—वहाँ तक ले जाने वाली सड़क, यात्रा से जुड़ी कहानी, यात्रियों का स्वागत करने वाला आतिथ्य, उसे असली पहचान देने वाले कारीगर, उसे खोजने में मदद करने वाली तकनीक और वह समुदाय जिसकी भागीदारी यह तय करती है कि पर्यटन एक आर्थिक अवसर बनेगा या बस एक अनुचित प्रवेश रह जाएगा। इसीलिए भारतीय पर्यटन के अगले अध्याय को सिर्फ़ पर्यटन स्थलों के नज़रिए से नहीं, बल्कि साझेदारी के नज़रिए से भी तय किया जाना चाहिए। पर्यटन का पुरानी संरचना काफ़ी हद तक ऊपर से नीचे की ओर श्रेणीबद्ध थी। सरकारें अवसंरचना बनाती थीं, गंतव्य स्थलों को बढ़ावा दिया जाता था, उद्योग जगत पर्यटकों के आने-जाने और ठहरने की व्यवस्था करता था और समुदाय काफ़ी हद तक हाशिए पर रहते थे। नयी संरचना सबकी बराबर भागीदारी वाली होनी चाहिए। सरकार, उद्योग जगत, प्रौद्योगिकी कंपनियां, रचनाकार, निवेशक, राज्य, स्थानीय निकाय और समुदायों को मिलकर पर्यटन के अनुभव का निर्माण करना चाहिए। यह फ़र्क सिर्फ़ शब्दों का नहीं है। यह विकास को समझने के हमारे नज़रिए में एक बुनियादी बदलाव को दिखाता है। आज पर्यटन का मतलब सिर्फ़ लोगों का एक जगह से दूसरी जगह जाना नहीं है। यह विचारों, कहानियों, उम्मीदों, पूंजी और सांस्कृतिक प्रभाव का आवागमन है। यात्री अब सिर्फ़ भारत को देखना नहीं चाहते, बल्कि उसे अनुभव करना चाहते हैं — लोग खान-पान का स्वाद लेना, परंपराओं को समझना, घरों में जाना, कारीगरों से मिलना और यहाँ की जीवंत संस्कृति में, चाहे थोड़ी देर के लिए ही सही, भाग लेना चाहते हैं। यह बदलाव भारत के लिए एक शानदार अवसर लेकर आया है। लेकिन बिना तालमेल के अवसर का लाभ शायद ही मिल पाता है। इसलिए सरकार की भूमिका महत्वपूर्ण है, भले ही यह बदलती रहती हो। इसकी ज़िम्मेदारी सब कुछ खुद करने की नहीं है; बल्कि ज़्यादा चीज़ों को संभव बनाने की है। सड़कों, हवाईअड्डों, रेलवे, स्वच्छता, डिजिटल अवसंरचना, विरासत संरक्षण और नागरिक सुविधाओं में सरकारी निवेश वह आधार तैयार करता है, जिस पर निजी क्षेत्र नवाचार और निवेश कर सकता है। राजनीतिक इच्छाशक्ति निरंतरता और दिशा देती है। उद्योग जगत पूंजी, प्रबंधन विशेषज्ञता, तकनीक और बाज़ार तक पहुंच में योगदान देता है। समुदाय वह चीज़ देते हैं, जिसे कोई सरकार या निगम नहीं बना सकता: प्रामाणिकता। उद्योग जगत के साथ पर्यटन मंत्रालय का बढ़ता जुड़ाव इसी दिशा में एक प्रयास है। ग्यारह रणनीतिक समझौता ज्ञापनों को अंतिम रूप दिया गया है, जिनमें से पांच का विश्व पर्यटन दिवस 2026 को आदान-प्रदान हुआ है। उनका महत्व केवल दस्तावेजों को लेकर नहीं है, बल्कि उन क्षमताओं में है, जिन्हें वे जोड़ना चाहते हैं - प्रौद्योगिकी, आवागमन, आतिथ्य, कंटेंट, डिजिटल आउटरीच और स्थानीय उद्यम। एक पीढ़ी पहले, किसी यात्री को यात्रा गाइड या विज्ञापन के माध्यम से भारत की जानकारी मिलती होगी। आज, एक गंतव्य स्थल एक फिल्म, एक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म, एक रचनाकार की कहानी या मोबाइल फोन में सामने आई एक छवि के माध्यम से वैश्विक परिकल्पना में प्रवेश कर सकता है। नेटफ्लिक्स के साथ सहयोग गंतव्य प्रचार की इस नई व्यवस्था को प्रदर्शित करता है, जो भारत की संस्कृति, वन्य जीवन और पहाड़ी परिदृश्यों को अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के सामने दिखाती है। आईटीबी बर्लिन 2026 में प्रदर्शित भारत के स्वाद और लंदन व न्यूयॉर्क में प्रचार अभियान यह दर्शाते हैं कि कैसे पर्यटन का भूगोल; कहानी कहने के भूगोल से पहले ही महत्वपूर्ण हो जाता है।

राजनीति में चमचा नहीं,बेलचा बनना चाहिए

चैतन्य मिश्रा

राजनीति केवल सत्ता के गलियारों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने, नेताओं के आसपास घूमने, प्रशंसा के पुल बांधने और व्यक्तिगत लाभ के अवसर तलाशने का माध्यम नहीं है। राजनीति का वास्तविक उद्देश्य जनसेवा, जनसमस्याओं का समाधान और व्यवस्था को जनहित के प्रति जवाबदेह बनाना है। लेकिन वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में एक ऐसी प्रवृत्ति तेजी से दिखाई देती है, जिसमें अनेक लोग अपनी राजनीतिक पहचान और भविष्य को अपने विचारों, कार्यों तथा जनाधार के बजाय किसी प्रभावशाली नेता की निकटता से जोड़कर देखते हैं। ऐसे में यह कहना प्रासंगिक हो जाता है कि राजनीति में चमचा नहीं, बेलचा बनना चाहिए। यह कथन केवल शब्दों का खेल नहीं, बल्कि राजनीतिक चरित्र, आत्मसम्मान और वैचारिक स्वतंत्रता की कसौटी है। चमचा बनने का अर्थ है-बिना सोचे-समझे किसी की हां में हां मिलाना, गलत को भी सही ठहराना और अपने विवेक को व्यक्तिगत लाभ के लिए गिरवी रख देना। इसके विपरीत, बेलचा बनने का अर्थ है- जमीन से जुड़ना, जनसमस्याओं की जड़ों तक पहुंचना, व्यवस्था में जमी गंदगी को बाहर निकालना और विकास के रास्ते में खड़ी बाधाओं को हटाने का साहस दिखाना। राजनीति में किसी वरिष्ठ नेता का सम्मान करना, संगठन के प्रति निष्ठावान रहना और नेतृत्व के निर्णयों का समर्थन करना गलत नहीं है। आखिरकार, किसी भी राजनीतिक दल की मजबूती अनुशासन, सामूहिकता और संगठनात्मक निष्ठा पर निर्भर करती है। लेकिन निष्ठा और चापलूसी के बीच एक स्पष्ट अंतर है। निष्ठा संगठन के सिद्धांतों के प्रति होती है, जबकि चापलूसी अक्सर व्यक्तिगत स्वार्थ के इर्द-गिर्द घूमती है। जब कोई व्यक्ति नेतृत्व की हर बात को अंतिम सत्य मानने लगता है, तब उसकी स्वतंत्र राजनीतिक सोच कमजोर पड़ने लगती है। वह जनता की समस्याओं पर सवाल उठाने के बजाय यह देखने लगता है कि उसके सवाल से किसी नेता की नाराजगी तो नहीं बढ़ जाएगी। धीरे-धीरे जनहित पीछे छूट जाता है और व्यक्तिगत लाभ प्राथमिकता बन जाता है। ऐसी राजनीति में पद तो मिल सकते हैं, लेकिन जनविश्वास अर्जित करना कठिन हो जाता है। क्योंकि जनता केवल यह नहीं देखती कि कौन किस नेता के कितने करीब है; जनता यह भी देखती है कि संकट के समय कौन उसके साथ खड़ा हुआ, किसने उसकी आवाज उठाई और किसने जिम्मेदार लोगों से जवाब मांगा। राजनीति में वास्तविक अस्तित्व किसी पद, सिफारिश, गुट या प्रभावशाली व्यक्ति की कृपा पर स्थायी रूप से नहीं टिका रह सकता। पद बदलते हैं, सत्ता के समीकरण बदलते हैं और राजनीतिक परिस्थितियां भी समय के साथ करवट लेती हैं। ऐसे में वही व्यक्ति लंबे समय तक अपनी प्रासंगिकता बनाए रख सकता है, जिसने जनता के बीच अपना विश्वास, कार्यकर्ताओं के बीच अपना सम्मान और संगठन में अपनी उपयोगिता स्थापित की हो। यदि किसी राजनीतिक कार्यकर्ता की पहचान केवल इस बात से है कि वह किस नेता के साथ दिखाई देता है, तो उसका राजनीतिक भविष्य नेतृत्व में होने वाले बदलावों के साथ प्रभावित हो सकता है। लेकिन यदि उसकी पहचान जनसमस्याओं के समाधान, संगठन के विस्तार, जनहित में संघर्ष और स्पष्ट विचारों से है, तो परिस्थितियां बदलने पर भी उसका महत्व बना रह सकता है। राजनीतिक अस्तित्व का वास्तविक अर्थ केवल पद हासिल करना नहीं, बल्कि ऐसा विश्वास अर्जित करना है जिसके कारण लोग आपकी बात सुनें, आपके संघर्ष पर भरोसा करें और आपको अपनी समस्याओं का प्रतिनिधि मानें। लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत सवाल पूछने का अधिकार है। यदि किसी जनप्रतिनिधि, मंत्री, अधिकारी या संगठन के पदाधिकारी से जनहित से जुड़े विषय पर सवाल पूछा जाता है, तो उसे व्यक्तिगत विरोध या अनुशासनहीनता के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। सत्ता में बैठे लोगों की प्रशंसा करना आसान है, लेकिन उनकी गलतियों पर विनम्रता और तथ्यों के साथ सवाल उठाना साहस का काम है। राजनीतिक कार्यकर्ता का दायित्व केवल अपने नेतृत्व की उपलब्धियों का प्रचार करना नहीं, बल्कि जनता की अपेक्षाओं और वास्तविक परिस्थितियों के बीच की दूरी को नेतृत्व तक पहुंचाना भी है। यदि किसी क्षेत्र में सड़कें जर्जर हैं, अस्पतालों में सुविधाओं की कमी है, युवाओं को रोजगार के अवसर नहीं मिल रहे हैं, किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है या सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक नहीं पहुंच रहा है, तो इन मुद्दों को उठाना राजनीति का मूल कर्तव्य है। जो कार्यकर्ता इन समस्याओं को जानते हुए भी केवल अपनी राजनीतिक सुविधा के कारण मौन रहता है, उसे आत्ममंथन करना चाहिए। सवाल यह नहीं है कि नेतृत्व नाराज होगा या प्रसन्न; सवाल यह है कि जनता की आवाज को उचित मंच तक पहुंचाने की जिम्मेदारी कौन निभाएगा? व्यवस्था में कमियां अपने आप दूर नहीं होतीं। इसके लिए ऐसे लोगों की आवश्यकता होती है जो समस्या को पहचानें, उसके कारणों को समझें, प्रमाणों के आधार पर सवाल उठाएं और समाधान के लिए निरंतर प्रयास करें। बेलचा जमीन की ऊपरी परत तक सीमित नहीं रहता, बल्कि खुदाई करके भीतर तक पहुंचता है। इसी प्रतीकात्मक अर्थ में राजनीति को भी ऐसे कार्यकर्ताओं की जरूरत है जो केवल मंचों पर भाषण न दें, बल्कि गांवों, कस्बों, वार्डों और आम नागरिकों के बीच जाकर वास्तविक समस्याओं को समझें। राजनीति का मूल्यांकन इस आधार पर होना चाहिए कि किसी जनप्रतिनिधि ने अपने क्षेत्र में क्या बदलाव किया, किसी पदाधिकारी ने संगठन को कितना मजबूत बनाया और किसी कार्यकर्ता ने जनता के लिए कितना संघर्ष किया। केवल स्वागत समारोहों में उपस्थिति, बड़े नेताओं के साथ तस्वीरें और सोशल मीडिया पर प्रशंसा के संदेश किसी व्यक्ति की वास्तविक जनसेवा का पर्याप्त प्रमाण नहीं हो सकते।

औद्योगिक प्रदूषण-एक खतरनाक बुराई...

कुलभूषण उपमन्यु

प्रदूषण केवल औद्योगिक स्थल तक ही सीमित नहीं रह सकता, क्योंकि प्रदूषित हवा और पानी आसपास और नदी के माध्यम से नीचे दूर तक पहुंच जाता है। इसलिए पंजाब तक यह खतरा फैलता जा रहा है वर्तमान सभ्यता मूलत: औद्योगिक सभ्यता है। दैनिक जरूरतों के सामानों से लेकर सब तरह के ऊर्जा, सुरक्षा, परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा, निर्माण आदि से संबंधित सामान और उपकरण बड़े पैमाने पर उद्योगों में ही बनाना संभव है। इसलिए दुनिया भर में उद्योगों की स्थापना की होड़ लगी रहती है। अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्थाएं औद्योगीकरण पर ही टिकी हुई हैं, इसलिए कोई भी उद्योगों से पैदा होने वाली पर्यावरणीय और पारिस्थितिकीय समस्याओं पर बोलना नहीं चाहता। लेकिन हर सहनशीलता की भी एक सीमा है। उद्योग एक ओर रोजगार देकर आम आदमी को राहत देते हैं, तो दूसरी ओर हवा, पानी, मिट्टी को प्रदूषित करके जीवनयापन की स्थितियों को बीमारियों के भंवर में फंसा देते हैं। पर्यावरण को पहुंचने वाले नुकसान के आधार पर उद्योगों को शून्य से एक सौ के स्केल से मापा जाता है। 60 सूचकांक से ज्यादा प्रदूषक उद्योगों को लाल सूची में डाला गया है। सीमेंट, खनिज तेल रिफइनरी, बड़े स्तर का खनन, ताप विद्युत परियोजनाएं और रासायनिक उत्पादन इकाइयों को इस श्रेणी में रखा गया है। इस श्रेणी के लिए पर्यावरणीय कानूनों के अंतर्गत उद्योग स्थापना और चालू करने के लिए स्वीकृति के सख्त प्रावधान हैं। दूसरी श्रेणी संतरी है। इसमें 41 से 59 प्रदूषण सूचकांक तक के उद्योग आते हैं। इसमें कम प्रदूषक गतिविधि वाले उद्योग आते हैं, जैसे खाद्य प्रसंस्करण, स्टोन क्रशर, ईंट भट्ठे और मध्यम दर्जे के उत्पादन। इनके लिए सामान्य स्थापना और प्रचालन स्वीकृतियां लेनी होती हैं। तीसरी श्रेणी हरित श्रेणी कहलाती है। इसमें 21 से 40 तक प्रदूषण सूचकांक वाले उद्योग आते हैं। इसमें आरा मशीनें, पारंपरिक शिल्प और छोटे मसाला पिसाई इकाइयां आती हैं। इनके लिए स्वीकृतियां तो चाहिए होती हैं, किन्तु लंबे समय तक स्वीकृति प्रदान की जाती है। चौथी श्रेणी श्वेत श्रेणी है। 0 से 20 प्रदूषण सूचकांक वाले उद्योग इसमें आते हैं। इसमें सौर ऊर्जा प्लांट, वायु ऊर्जा प्लांट और बाईसिकल असेंबली जैसे उद्योग आते हैं। इनके लिए स्वीकृति लेने की जरूरत नहीं है, केवल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को सूचना मात्र देनी होती है। हिमाचल में बद्दी, बरोटीवाला, नालागढ़ में सबसे ज्यादा

उद्योग स्थापित हैं। करीब 3000 इकाइयां यहां स्थापित हैं जिनमें से 380 लाल श्रेणी की, 1400 संतरी श्रेणी की हैं। इनमें से 500 के लगभग इकाइयां जहरीली गैसें वातावरण में छोड़ रही हैं। कुछ के पास तो प्रचालन स्वीकृतियां भी नहीं हैं। अधिकांश अपशिष्ट उपचार संयंत्र कम क्षमता के हैं या अकुशल हैं। शिवालिक अपशिष्ट प्रबन्धन प्लांट भी मनमर्जी से काम करता है। कई उद्योगों पर प्रदूषित पदार्थों को जमीन में पंप करके डाल देने का आरोप है। यह राज्य के अंदर और पड़ोसी राज्यों में भी स्वास्थ्य से बड़े खिलवाड़ का मामला है। अत: पूरी गंभीरता से लिया जाना चाहिए। यह औद्योगीकरण के अंध विरोध का भी मामला नहीं है। किन्तु टिकाऊ और जन अभिमुख विकास के लिए औद्योगिक प्रदूषण पर नियंत्रण होना ही चाहिए, वरना विकास का अर्थ ही अनर्थ में बदल जाता है। यहां से प्रदूषित वायु और जल पंजाब को भी प्रभावित कर रहा है। पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने जांच के बाद हिमाचल के बोर्ड को लिखा भी है कि इस क्षेत्र का प्रदूषित अपशिष्ट सतलुज तक पहुंच रहा है। अवैध डंपिंग से रिस कर कुछ अपशिष्ट सिरसा नदी को प्रदूषित कर रहा है जिसका असर हरियाणा तक हो रहा है। औद्योगिक अपशिष्ट को इस तरह स्वास्थ्य के लिए खतरा बनने नहीं दिया जा सकता। गत दिनों हिमालय नीति अभियान और उससे जुड़े हुए कई संगठनों ने नालागढ़ में विरोध प्रदर्शन करके अपनी चिंता प्रकट की और प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर इस स्थिति को सुधारने की मांग की है। अभियान के संयोजक गुमान सिंह ने बताया कि कुछ इकाइयों के आसपास तो बदबू से गुजरना तक मुश्किल हो गया है। उद्योगों में हिमाचल के 2023 के सरकारी आंकड़ों के अनुसार 68650 लोगों को काम मिला है, शेष करीब 26000 कर्मचारी बाहरी राज्यों से हैं। किन्तु इसके बदले पर्यावरणीय बर्बादी और स्वास्थ्य के लिए प्रत्यक्ष और परोक्ष खतरे को फैलने की इजाजत नहीं दी जा सकती। गत दिनों कुछ शोध सामने आए हैं जिनसे पता चला है कि हिमाचल में स्वास्थ्य की स्थितियां चिंताजनक होती जा रही हैं। विशेषकर कैंसर जैसे रोगों का फैलाव राष्ट्रीय औसत से ज्यादा हो गया है। बीबीएन में काम करने वाले मजदूर या अन्य कार्यकर्ता भी इस दंश से बचे नहीं हैं। अशुद्ध जल के कारण पीलिया जैसे रोग आम हैं जिसकी चपेट में आकर कई जान गंवा चुके हैं। औद्योगिक कार्यकर्ताओं के लिए इलाज की भी उचित व्यवस्थाएं नहीं हैं जिसके चलते मुश्किल से न्यूनतम मजदूरी पर काम करने वाले महंगे इलाज तक पहुंच ही नहीं पाते। बीबीएन विकास योजना में ही उद्योग, बौय्लर, गैसों का उत्सर्जन, अपशिष्ट जलाना और रासायनिक कणों के उत्सर्जन को वायु प्रदूषण का कारण माना गया है।

प्रदीप कुमार जैन : पत्रकारिता का राष्ट्रीय विश्वास, प्रेस काउंसिल में पुनः दायित्व

■ दैनिक विश्व परिवार के 50वें स्वर्णिम वर्ष में हार्दिक बधाई

रायपुर (विश्व परिवार)। पत्रकारिता में पद मिलना उपलब्धि हो सकती है, लेकिन वर्षों तक विश्वास अर्जित करना और उसे बनाए रखना ही किसी पत्रकार की वास्तविक पूंजी है। श्री प्रदीप कुमार जैन की पत्रकारिता यात्रा इसी विश्वास, संस्कार और निरंतर कर्मशीलता की कहानी है। राष्ट्रीय स्तर पर राजा श्रेयांस पत्रकारिता पुरस्कार, से सम्मानित श्री जैन का प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया में पुनः सदस्य मनोनयन उनकी दीर्घ पत्रकारिता साधना और सामाजिक सरोकारों की राष्ट्रीय स्वीकृति है। 7 अक्टूबर 2026 की केंद्र सरकार की अधिसूचना के माध्यम से उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है।

यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है कि जिस 'दैनिक विश्व परिवार' की पत्रकारिता परंपरा से श्री प्रदीप कुमार जैन जुड़े हैं, वह स्वयं अब अपनी यात्रा के स्वर्णिम वर्ष में प्रवेश कर चुका है। वर्ष 1976 में झांसी से स्वर्गीय श्री कैलाशचंद जी द्वारा स्थापित 'दैनिक विश्व परिवार' ने पांच दशकों की यात्रा में पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। आज यह समाचार-पत्र झांसी और रायपुर दोनों स्थानों व दो राज्यों से प्रकाशित हो रहा है। स्वर्णिम वर्ष के अवसर पर परिवार की इस गौरवपूर्ण पत्रकारिता परंपरा के प्रतिनिधि श्री प्रदीप कुमार जैन का राष्ट्रीय पत्रकारिता के सर्वोच्च संस्थागत मंचों में से एक प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया में पुनः दायित्व प्राप्त करना निश्चित ही एक विशेष और गौरवपूर्ण संयोग है।

'विश्व परिवार'—नाम में ही एक व्यापक दृष्टि

विश्व परिवार केवल एक समाचार-पत्र का नाम नहीं, बल्कि एक विचार और जीवन-दृष्टि है। इसमें 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना के साथ प्राणीमात्र के कल्याण का व्यापक संदेश निहित है। ऐसे समय में जब पत्रकारिता में नकारात्मकता और सनसनी की प्रवृत्तियां अक्सर चर्चा में रहती हैं, दैनिक विश्व परिवार ने सकारात्मक, रचनात्मक और समाज को जोड़ने वाली पत्रकारिता को अपनी विशिष्ट पहचान बनाया है।

इस परंपरा की नींव रखने वाले स्वर्गीय श्री कैलाशचंद जी स्वयं पत्रकारिता के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व थे और



उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष ,नगर पालिका झांसी के अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन कर चुके थे। परिवार की पत्रकारिता यात्रा को आगे बढ़ाने में उनके पुत्रों का भी उल्लेखनीय योगदान रहा। स्वर्गीय श्री प्रवीण कुमार जैन ने झांसी संस्करण में लगभग 15 वर्षों तक संपादक के रूप में अपनी सेवाएं देकर समाचार पत्र को विशेष ऊंचाइयां दीं और सामाजिक क्षेत्र में भी आपने विशिष्ट कार्य किए । उनके आकस्मिक निधन से पत्रकारिता का समाज सेवी चेहरा चिर निद्रा में विलीन हो गया । वर्तमान में श्री प्रदीप कुमार जैन झांसी के प्रधान संपादक के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, वहीं रायपुर से भी दैनिक विश्व परिवार का प्रकाशन निरंतर जारी है। इस प्रकार पांच दशक की यह यात्रा केवल एक समाचार-पत्र की यात्रा नहीं, बल्कि एक परिवार द्वारा पत्रकारिता के मूल्यों, संस्कारों और सामाजिक दायित्व को पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ाने की कहानी है।

संस्कारों से शुरुआत, अध्ययन से विस्तार

1 मार्च 1962 को जन्मे श्री प्रदीप कुमार जैन ने हिन्दी, अंग्रेजी एवं राजनीति शास्त्र में एम.ए., एल.एल.बी. तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा प्राप्त किया। वर्ष 1983 में जर्मनी के बर्लिन स्थित अंतरराष्ट्रीय पत्रकारिता संस्थान से पत्रकारिता में डिप्लोमा हासिल किया। विविध विषयों में अर्जित यह शिक्षा उनकी व्यापक दृष्टि और अध्ययनशील व्यक्तित्व की आधारभूमि बनी।

दैनिक विश्व परिवार के संपादक के रूप में उन्होंने पत्रकारिता को स्थानीय जनजीवन, सामाजिक सरोकारों और सकारात्मक संवाद से जोड़ा। आकाशवाणी के वार्ताकार के रूप में भी उन्होंने जनसामान्य से जुड़े विषयों को प्रभावी अभिव्यक्ति दी। साहित्य के क्षेत्र में उनकी सक्रियता उनके रचनात्मक व्यक्तित्व का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष है। 'चेतन तीर्थ मुनिराज हमारे', 'उनके घर में आनंद ही आनंद है', 'विश्व परिवार बचालो', 'जय लॉकडाउन देव—आरती', 'सबसे नौने नौने बोलो' और 'मां की महिमा कैसे गाऊं' जैसी काव्य रचनाएं उनकी साहित्यिक अभिरुचि को रेखांकित करती हैं।

सम्मान से राष्ट्रीय दायित्व तक

पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान को राजा श्रेयांस पत्रकारिता पुरस्कार, कोटा से राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाना उनकी यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है। प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया में 2018 से 2021 तक सदस्य के रूप में उन्होंने परिषद में पत्रकारिता से जुड़े विषयों पर अपने अनुभव और सुझावों के माध्यम से सहभागिता निभाई।

अब, दैनिक विश्व परिवार के स्वर्णिम वर्ष में, उन्हें प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया में पुनः सदस्य मनोनीत किया जाना इस पूरी पत्रकारिता परंपरा के लिए विशेष गौरव का अवसर है। यह केवल व्यक्ति का सम्मान नहीं, बल्कि उस विचार और संस्कार का सम्मान भी है, जिसकी शुरुआत 1976 में झांसी से हुई थी और जो आज झांसी से रायपुर दो राज्यों तक अपनी पहचान बनाए हुए है।

वे जैन पत्रकार महासंघ के संरक्षक भी हैं। 30 सितंबर 2026 को रायपुर में उनके नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित राष्ट्रीय जैन पत्रकार सम्मेलन उनकी संगठनात्मक और समन्वयकारी क्षमता का उदाहरण रहा। देशभर से आए पत्रकारों की सहभागिता वाले इस आयोजन ने पत्रकारिता के सामाजिक, सांस्कृतिक और समसामयिक सरोकारों पर सार्थक संवाद का अवसर दिया।

पद से बड़ी पहचान-सहजता

श्री प्रदीप कुमार जैन की उपलब्धियों के बीच उनकी सबसे आत्मीय पहचान उनका सरल, सहज और समन्वयकारी व्यवहार है। लंबे सार्वजनिक जीवन और अनेक दायित्वों के बावजूद संवाद में उनकी आत्मीयता बनी रही है। यही गुण उन्हें पद से आगे एक ऐसे व्यक्तित्व के रूप में स्थापित करता है, जिसके साथ लोग सहजता से जुड़ते हैं।

उनकी यात्रा का सार यही है—पत्रकारिता विरासत में मिल सकती है, लेकिन विश्वसनीयता अर्जित करनी पड़ती है। स्वर्गीय कैलाशचंद जी द्वारा रोपे गए पत्रकारिता के बीज को परिवार की अगली पीढ़ियों ने अपने श्रम और संस्कारों से सींचा। स्वर्गीय प्रवीण कुमार जैन का योगदान हो या प्रदीप कुमार जैन का सतत नेतृत्व—विश्व परिवार की पांच दशक लंबी यात्रा इसी सामूहिक साधना का परिणाम है। आज जब दैनिक विश्व परिवार अपने स्वर्णिम वर्ष का उत्सव मना रहा है, उसी समय प्रदीप कुमार जैन का राष्ट्रीय स्तर पर पुनः प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया का सदस्य मनोनीत होना इस यात्रा में एक नया स्वर्णिम अध्याय जोड़ता है।

श्री प्रदीप कुमार जैन को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। विश्वास है कि उनका अनुभव, संतुलित दृष्टिकोण और सहज नेतृत्व पत्रकारिता की मर्यादा, विश्वसनीयता और सामाजिक उत्तरदायित्व को नई मजबूती देगा। विश्व परिवार की तरह उनकी कलम भी सदैव समाज को जोड़ने, सकारात्मक सोच जगाने और प्राणीमात्र के कल्याण की भावना को स्वर देती रहे—यही मंगलकामना है।

– **राजेन्द्र जैन महावीर,** राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, जैन पत्रकार महासंघ

डंगनिया में महिला स्वसहायता समूहो निर्मित किये गोबर से दीये

■ नागरिकों हेतु 2 रूपए प्रति नग की दर पर विकय हेतु उपलब्ध

रायपुर (विश्व परिवार)। रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 5 अंतर्गत गोबर खरीदी केन्द्र डंगनिया में महिला स्वसहायता समूहो की महिलाओं ने दीपावली पर्व में उपयोग हेतु गोबर से निर्मित दीये बड़ी संख्या में तैयार किये है, जो गोबर खरीदी केन्द्र डंगनिया में 2 रूपए प्रति नग की दर पर नागरिको हेतु विक्रय के लिये उपलब्ध है। कोई भी नागरिक दीपावली में अपने घर, दुकान को रौशन करने नगर निगम के गोबर खरीदी केन्द्र डंगनिया में गोबर से निर्मित दीयो को निर्धारित दर पर विक्रय करने हेतु संपर्क कर सकता है।

साड़ी कारोबार के साथ गौसेवा और जैविक खेती को बढ़ावा

■ रायपुर में खुलेगा किसानों के लिए प्रशिक्षण केंद्र

रायपुर (विश्व परिवार)। साड़ी कारोबार के साथ अब गौसेवा और जैविक खेती को बढ़ावा देने की पहल होगी। खैरागढ़ स्थित मनोहर गौशाला के संस्थापक एवं प्रबंध न्यासी डॉ. अखिल जैन रायपुर में मुख्य कार्यालय और जैविक कृषि प्रोत्साहन प्रशिक्षण केंद्र शुरू कर रहे हैं। यह केंद्र पंडरी के महालक्ष्मी मार्केट में मनोहरा साड़ी के ऊपर खुलेगा। यहां किसानों को गौ-आधारित खेती, प्राकृतिक उत्पादों और पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी जाएगी। साथ ही युवाओं और व्यापारियों को भी इस अभियान से जोड़ने की योजना है।

डॉ. अखिल जैन ने बताया कि व्यापार केवल कमाई का जरिया नहीं, बल्कि समाजसेवा का माध्यम भी बन सकता है। इसी सोच के साथ यह पहल की जा रही है। खैरागढ़ की मनोहर गौशाला में गौसेवा के साथ जैविक कृषि पर भी काम किया जा रहा है। यहां गौमूत्र, नीम और प्राकृतिक वनस्पतियों से तैयार 'फसल अमृत' तथा गोबर और

गौमूत्र आधारित 'मनोहर ऑर्गेनिक गोल्ड' जैसे उत्पादों पर काम हो रहा है। इनका उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती के विकल्पों से परिचित कराना है। डॉ. जैन के अनुसार, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय से जुड़े अनुसंधान कार्यों को भी महत्व दिया जा रहा है। उनका मानना है कि पारंपरिक ज्ञान और वैज्ञानिक शोध को साथ लेकर चलना जरूरी है।

किसानों को प्रशिक्षण, युवाओं को जोड़ने की तैयारी

डॉ. जैन ने बताया कि रायपुर केंद्र से किसानों को जैविक खेती के बारे में मार्गदर्शन दिया जाएगा। यहां गौसेवा, जीवदया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की गतिविधियां भी होंगी। युवाओं को प्राकृतिक खेती से जोड़ने का प्रयास रहेगा। उन्होंने कहा कि मिट्टी की सेहत सुधारना, जल संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों को बचाना सभी की साझा जिम्मेदारी है। केंद्र का उद्देश्य इन विषयों पर लोगों की भागीदारी बढ़ाना है।

यहां खुलेगा नया केंद्र

मनोहर गौशाला का रायपुर मुख्य कार्यालय एवं जैविक कृषि प्रोत्साहन प्रशिक्षण केंद्र महालक्ष्मी मार्केट, पंडरी में शुरू होगा। इसका पता प्रथम तल, मनोहरा साड़ी के ऊपर, शॉप नंबर 2, महालक्ष्मी मार्केट, पंडरी, रायपुर है। यहां से किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों को गौसेवा तथा जैविक कृषि से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी देने की योजना है।

माता खल्लारी मंदिर का हो रहा जीर्णोद्धार, जन आस्था का केंद्र

आरंग (विश्व परिवार)। अंचल के ग्राम चरौदा में स्थित जन आस्था की केंद्र माता खल्लारी मंदिर का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। स्वर्गीय बन्धु साहू की स्मृति में उनके सुपुत्र शिवकुमार साहू द्वारा मंदिर का नवनिर्माण कराया जा रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार गांव की चारों दिशाओं में देवियां विराजमान हैं। पूर्व में प्रवेश द्वार पर माता खल्लारी, पश्चिम में माता चंडी, उत्तर में चितावर दाई और गांव के मध्य में माता शीतला स्थापित हैं। दोनों नवरात्रि में चारों बहनों की विशेष पूजा-अर्चना होती है और सैकड़ों मनोकामना ज्योतियां प्रज्वलित की जाती हैं।

शिवकुमार साहू ने बताया कि माता खल्लारी की महिमा निराली है। सच्ची आस्था से मत्था टेकने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामना माता अवश्य पूरी करती हैं। माता के आशीर्वाद से उनकी मनोकामना पूरी हुई, जिससे प्रेरित होकर उन्होंने जीर्णोद्धार का संकल्प लिया।

गांव में मान्यता है कि माता खल्लारी ग्राम की रक्षा करती हैं। विवाह के अवसर पर युवक-युवतियां माता से आशीर्वाद लेकर यहीं से चूलमाटी लेकर जाते हैं।

पहले मंदिर में पूजा स्व. पुनीत राम धीवर, फिर शंतु धीवर, खोरबाहरा यादव, शत्रुहन यादव, बुधारू यादव और शत्रुहन साहू द्वारा की जाती थी। पिछले कुछ वर्षों से पूजा का दायित्व सुरेन्द्र धीवर निभा रहे हैं। वर्तमान में निर्माण कार्य में शिवकुमार साहू के साथ मुकेश धीवर, चुरावन धीवर और सुरेन्द्र धीवर विशेष सहभागिता निभा रहे हैं।

सुयश सागर महाराज जी मुनिराज के 17 दीक्षा दिवस पर भक्तों ने आशीर्वाद ग्रहण किया

कोडरमा (विश्व परिवार)। विराजित परम पूज्य मुनिराज 108 श्री सुयश सागर महाराज जी का सत्संग मंगल चातुर्मास, झारखंड कोडरमा में चल रहा है। जहां छत्तीसगढ़ के लगभग 50 भक्तों ने पूज्य मुनि श्री जी के 17 वे दीक्षा दिवस पर नमोस्तु करते हुए भक्तों ने सामूहिक रूप से श्रीफल अर्पण किया श्रीपाल अर्पण करते हुए उपस्थित भक्तों ने मंगल आशीर्वाद दिया इस अवसर पर पूज्य मुनि श्री जी के पद प्रक्षालन करने वालों में प्रमुख गृहस्थ जीवन की माता श्री मंजू देवी जी श्री सुमेरचंद जैन हैदराबाद इंदरचंद अशोक कुमार बाकलीवाल, संगीता, नीलिमा अनिल कासलीवाल साधना जैन बाकलीवाल सुनीता दोषी डॉक्टर आरके दोषी मंजू जैन विक्की जैन

दीपक जैन ललित जैन और दुर्ग भिलाई के अनेक भक्तगण ने भी पूज्य मुनि श्री जी के आज मंगल आशीर्वाद देने के साथ उनके मंगल प्रवचन का धर्म लाभ लेते हुए आहारचार्य संपन्न कराई। जहां पूज्यमुनि श्री जी ने झारखंड ,बिहार, हैदराबाद छत्तीसगढ़ वासियों के साथ उपस्थित भक्तों के मंगल जीवन की कामना करते हुए अपना आशीर्वचन देते हुए कहा कि आप सभी भगवान महावीर स्वामी के जिन शासन के जिन धर्म का और मां जिनवाणी का रसपान ग्रहण करते हुए अपने जीवन को सात्विक और संयम के साथ सह परिवार जीवन जीए और अपने आने वाली पीढ़ी को जैन धर्म की शिक्षा संस्कार के साथ सदैव जोड़कर रखें जानकारी देते हुए प्रदीप जैन बाकलीवाल ने बताया कि सैकड़ो भक्तों ने आज पूज्य मुनि श्री जी सुयश सागर महाराज जी के पद प्रक्षालन करते हुए भक्ति भाव के साथ देव शास्त्र गुरु की पूजा अर्चना करते हुए श्री जिनेंद्र भगवान के मंगल अभिषेक पश्चात पूज्य मुनि श्री जी के अमृत वचन का धर्म लाभ कोडरमा में प्राप्त करते हुए संध्या भक्ति भाव के साथ णमोकार चालीसा का पाठ करने के साथ मंगल आरती पूजन भक्तों ने किया।

महामाया माता मंदिर के दरबार में सपरिवार पहुंचे बृजमोहन, विधिवत पूजा-अर्चना की

रायपुर (विश्व परिवार)। नवरात्रि के पावन पर्व पर रायपुर के वरिष्ठ सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सपरिवार पुरानी बस्ती स्थित ऐतिहासिक मां महामाया मंदिर सहित राजधानी के विभिन्न देवी मंदिरों एवं पूजा पंडालों में पहुंचकर आदिशक्ति मां जगदंबा की विधिवत पूजा-अर्चना व आरती की। इस अवसर पर उन्होंने माता के दिव्य स्वरूपों के दर्शन कर समस्त प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, शांति और छत्तीसगढ़ की निरंतर खुशहाली की मंगलकामना की।

नवरात्रि के पावन अवसर पर रोटरी क्लब्स ने किया माता का भंडारा

■ 1500 लोगों को कराया भोजन

रायपुर (विश्व परिवार)। नवरात्रि के पावन अवसर पर Rotary Club of Raipur Elegance एवं Rotary Club of Raipur Supreme द्वारा स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर में माता का भंडारा आयोजित किया गया। इस सेवा कार्य के माध्यम से लगभग 1500 लोगों को भोजन वितरित किया गया। आयोजन का उद्देश्य सेवा, समर्पण और मानवता का संदेश जन-जन तक पहुँचाना था। रोटरी क्लब ऑफ रायपुर एलिगेंस की अध्यक्ष रोटेरियन प्रियंका गुप्ता ने कहा कि नवरात्रि के पावन अवसर पर जरूरतमंदों की सेवा करना माँ दुर्गा के प्रति सच्ची श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक है। रोटरी का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा पहुँचाना और लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है।

रोटेरियन संदीप गुप्ता ने कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज में सहयोग, सद्भावना और मानवता की भावना को मजबूत करते हैं। दोनों क्लबों का संयुक्त प्रयास सेवा के माध्यम से समाज से जुड़ने की एक सार्थक पहल है। वहीं, रोटरी क्लब ऑफ रायपुर सुप्रीम के अध्यक्ष रोटेरियन एस. के. श्रीवास्तव ने कहा कि नवरात्रि जैसे पावन पर्व पर भंडारे का आयोजन कर लोगों की सेवा करना अत्यंत संतोष और पुण्य का कार्य है। रोटरी सदैव समाजहित के कार्यों के माध्यम से लोगों की सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में सिटी कोऑर्डिनेटर रोटेरियन धर्म अग्रवाल, क्लब एडवाइजर रोटेरियन विनय अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट चेयर माय रोटरी रोटेरियन डॉ. अंजना मैत्रा, रोटरी क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर के अध्यक्ष रोटेरियन संजय करकरे तथा डिस्ट्रिक्ट चेयर पोलियो रोटेरियन भरत डागा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

श्रद्धा दूरियों को मिटा देती है, धैर्य से खिल उठते हैं भक्ति के कमल : मुनि श्री समतासागर महाराज जी

कुण्डलपुर (म.प्र.) (विश्व परिवार)। जैन दर्शन में निमित्त और उपादान का सिद्धांत जीवन को समझने की महत्वपूर्ण दृष्टि प्रदान करता है। प्रत्येक कार्य अपने उपादान से होता है, लेकिन उसकी अभिव्यक्ति में निमित्त की सहयोगी भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है। मनुष्य को अपने कर्तव्य करते रहना चाहिए, लेकिन कर्तृत्व का अहंकार नहीं पालना चाहिए। भौतिक दूरी होने पर भी श्रद्धा, स्मरण और अपनत्व के माध्यम से गुरु एवं आराध्य के सान्निध्य का अनुभव किया जा सकता है। यह विचार निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर जी महाराज ने अपने प्रवचन में व्यक्त किए।

प्रवक्ता अविनाश जैन 'विद्यावाणी' एवं प्रचार मंत्री जयकुमार जैन 'जलज' ने बताया कि मुनि श्री ने निमित्त और

उपादान के संबंध को स्पष्ट करते हुए कहा कि हमारे जीवन में जो भी परिणाम होते हैं, उनमें उपादान कारण तो होता ही है, लेकिन उन परिणामों को प्रभावित करने में निमित्त भी सहयोगी बनता है। कार्य उपादान में ही होता है, परंतु उसकी जागृति और अभिव्यक्ति में निमित्त महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कई बार बड़ा निमित्त मिलने पर भी उपादान की योग्यता और जागृति नहीं होने से अपेक्षित कार्य नहीं हो पाता। इसलिए निमित्त और उपादान के बीच विरोध नहीं, बल्कि मैत्री का संबंध समझना चाहिए।

उदाहरण देते हुए महाराज श्री ने कहा कि घड़ा मिट्टी से ही बनेगा, लेकिन मिट्टी अपने आप घड़े का रूप धारण नहीं कर लेती। इसके लिए कुम्हार का सहयोग आवश्यक है। इसी प्रकार रोटी का उपादान आटा है, लेकिन उसे गूंथने, बेलने और सेंकने की प्रक्रिया के बिना रोटी नहीं बन सकती। यदि निमित्त यह अहंकार करे कि उसके बिना रोटी नहीं बन सकती, तो वह आटे के बिना रोटी बनाकर दिखाए। वास्तविकता यह है कि उपादान और निमित्त दोनों की अपनी-अपनी भूमिका है।

उन्होंने कहा कि संसार में बंधने का कारण भी हमारे अपने परिणाम हैं और संसार से मुक्त होने की दिशा में बढ़ने का आधार भी हमारे परिणाम ही हैं। हालांकि इन परिणामों को प्रभावित करने वाले निमित्त भी होते हैं। मुनि बनना, निर्ग्रंथ मुद्रा धारण करना और रत्नत्रय के उत्कृष्ट भावों की अभिव्यक्ति बाहरी निमित्तों से जुड़ी है, लेकिन केवल मुनि मुद्रा धारण कर लेने से उत्कृष्ट परिणाम स्वतः उत्पन्न हो जाएं, यह आवश्यक नहीं है। बाहरी निमित्त और आंतरिक परिणामों के बीच समन्वय को समझना जरूरी है।

धर्मास्तिकाय का उदाहरण देते हुए मुनि श्री ने बताया कि कर्मों से मुक्त होने के बाद आत्मा में ऊर्ध्वगमन का स्वभाव प्रकट होता है। फिर भी सिद्ध आत्मा लोक के अंत तक पहुंचकर वहीं ठहर जाती है, क्योंकि लोक के बाहर धर्मास्तिकाय का अभाव है। धर्मास्तिकाय जीव के गमन में सहायक निमित्त है। इससे स्पष्ट होता है कि स्वभाव की अभिव्यक्ति में भी अनुकूल निमित्त की भूमिका होती है।

नदी के दोनों किनारों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि दोनों किनारे एक-दूसरे से दूर होते हुए भी नदी के प्रवाह में सहयोगी होते हैं। इसी प्रकार निमित्त और उपादान एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि अपनी-अपनी भूमिका में सहयोगी हैं। इस सिद्धांत को समझने का उद्देश्य यही है कि कोई किसी पर अनावश्यक आरोप न लगाए और न ही अपने कर्तृत्व का अहंकार करे। जहां कर्तृत्व का अहंकार आता है, वहीं से व्यक्ति के पतन की शुरुआत होती है।

समाजसेवी भामाशाह कंवरलाल जी पाटनी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई

किशनगढ़ (विश्व परिवार)। सुप्रसिद्ध मार्बल उद्योगपति एवं समाजसेवी जैन समाज रत्न आदरणीय श्री भामाशाह कंवरलाल जी पाटनी के निधन पर आर.के. हाउस, किशनगढ़ में संगठन की और भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की एवं शोकाकुल परिवार आर. के मार्बल और वंडर सीमेंट के चेयरमैन श्री अशोक पाटनी जी एवं श्री विमल पाटनी जी से मुलाकात कर श्री नेमी गिरनार धर्म यात्रा 2026 का स्मृति चिन्ह भेंट किया। संगठन के महामंत्री श्री राहुल जैन, सम्मानित सदस्य अभिषेक जैन एवं युवा प्रकोष्ठ, दिल्ली अध्यक्ष विपुल जैन उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय का शैक्षणिक सत्र 2027

अज़ीम प्रेमजी विश्विविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2027 के लिए पूर्णकालिक स्नातक और स्नातकोत्तर प्रोग्राम में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया की प्रक्रिया शुरू कर दी हैं। ये प्रोग्राम बेंगलूरु, भोपाल और रांची, इन तीनों कैंपस में चलेंगे। अज़ीम प्रेमजी विश्वुविद्यालय में एजुकेशन (शिक्षा), डेवलपमेंट (शिक्षा), इकॉनॉमिक्स (अर्थशास्त्र), पब्लिक हेल्थ (जन स्वास्थ्य) अर्ली चाइल्डहुड केअर एण्ड एजुकेशन (आरंभिक बाल शिक्षा व देखभाल) और क्लाइमेट चेंज एण्ड सस्टेनेब्लिटी विषयों स्नातकोत्तर प्रोग्राम की पढ़ाई की जाती है। हमारे स्नातक प्रोग्राम चार वर्षों के पूर्ण कालिक प्रोग्राम हैं, जिसमें विद्यार्थी का कैंपस में रहना अनिवार्य है। ये प्रोग्राम मानविकी, समाज विज्ञान और विज्ञान – तीनों तरह के अध्ययन-क्षेत्रों में उपलब्ध हैं।

बेंगलूरु कैंपस में चलाए जाने वाले स्नातकोत्तर प्रोग्राम्स के अंतरगत शामिल हैं - एम ए एजुकेशन, एम ए इन अर्ली चाइल्डहुड केअर एण्ड एजुकेशन, एम ए डेवलपमेंट, एम ए इकॉनॉमिक्स, एमएससी क्लाइमेट चेंज एण्ड सस्टेनेब्लिटी बीए ऑनर्स- अर्थशास्त्र, अंग्रेज़ी, इतिहास, दर्शनशास्त्र, पॉलिटिक्स और अर्थशास्त्र और मीडिया व जर्नलीज़म । बेंगलूरु कैंपस में चलाए जाने वाले स्नातक प्रोग्राम्स के अंतरगत शामिल हैं - बीएससी ऑनर्स- बायोलॉजी, रसायन विज्ञान, गणित, फिज़िक्स, साइकॉलॉजी, इन्फ़ॉर्मेशन सायन्स और पर्यावरण विज्ञान व सस्टेनेब्लिटी ।

भोपाल कैंपस में चलाए जाने वाले स्नातकोत्तर प्रोग्राम्स में - एम ए एजुकेशन, मास्टर्स ऑफ़ पब्लिक हेल्थ एवं भोपाल कैंपस में चलाए जाने वाले स्नातक प्रोग्राम्स में - बीए ऑनर्स-अर्थशास्त्र, अंग्रेज़ी, इतिहास, समाज विज्ञान और हिंदी अध्ययन बीएससी ऑनर्स-बायोलॉजी शामिल हैं। रांची कैंपस में चलाए जाने वाले स्नातकोत्तर प्रोग्राम्स में - एम ए डेवलपमेंट, एम अप्लाइड अर्थशास्त्र शामिल हैं।

विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में विषय के अपने कोर्स के साथ-साथ, कई विषयों को आपस में जोडऩे वाले और किसी ख़ास मुद्दे पर का विशेष अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को चुनने के लिए इलेक्टिव कोर्स भी हैं। अपने प्रोग्राम के मुताबिक विद्यार्थियों को लैब में काम करने, इंटर्नशिप करने, विशेषज्ञों की निगरानी में फ़ील्ड प्रोजेक्ट करने और वर्कशॉप व सेमिनार में हिस्सा लेने के मौक़े भी मिलते हैं। विद्यार्थियों को अकादमिक मामलों में मदद के साथ-साथ भाषा के विकास करने, प्रोफेशनल विकास करने के मौके भी उपलब्ध कराए जाते हैं।

नन्हीं बालिकाओं के पूजन से गूंजा सरस्वती शिशु वाटिका परिसर, 210 कन्याओं को भेंट किए उपहार

गरियाबंद (विश्व परिवार)। नवरात्रि की पावन पंचमी पर सरस्वती शिशु वाटिका का परिसर भक्ति, उल्लास और भारतीय संस्कृति के रंगों से सराबोर हो उठा। वैदिक परंपराओं और धार्मिक आस्था के अनुरूप विद्यालय में अध्ययनरत नन्हीं बालिकाओं का विधिवत कन्या पूजन किया गया। इस अवसर पर बालिकाओं को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उपस्थित सभी बच्चों को खिचड़ी का भोजन कराया गया।

कार्यक्रम में माताओं, नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों, विद्यालय समिति के सदस्यों और विद्यालय के आचार्य-दीदियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, उत्साह और आत्मीयता का वातावरण बना रहा।

210 बालिकाओं का पूजन, उपहार देकर किया सम्मानित- नवरात्रि के इस विशेष आयोजन में कुल 210 बालिका बहनों, 190 बालकों एवं 50 माताओं ने सहभागिता की। छोटी-छोटी बालिकाओं का पूजन कर उन्हें उपहार भेंट किए गए। इस पहल के माध्यम से बालिकाओं के प्रति सम्मान, स्नेह और भारतीय धार्मिक परंपराओं के महत्व को रेखांकित किया गया।

संस्कारों के साथ संस्कृति से जोड़ने की पहल- विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में श्रद्धा, सेवा, सम्मान और सांस्कृतिक मूल्यों की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। कन्या पूजन के माध्यम से नन्हीं बालिकाओं के सम्मान का संदेश दिया गया। वहीं, सामूहिक भोजन ने बच्चों के बीच सहभागिता और अपनत्व की भावना को भी सुदृढ़ किया।

नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों, विद्यालय समिति के सदस्यों एवं आचार्य-दीदियों ने ऐसे आयोजनों को बच्चों में संस्कार विकसित करने तथा भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। नवरात्रि की पावन पंचमी पर आयोजित यह कार्यक्रम श्रद्धा, सम्मान और सांस्कृतिक चेतना का संदेश देते हुए उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

धारदार चाकू लहराकर आमजनों डरा धमका कर भयभीत करने वाले आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

गिरफ्तारी बाद न्यायालय पेश कर भेजा गया जेल

जगदलपुर। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बस्तर पुलिस के द्वारा अपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में संजय मार्केट सुलभ के पास धारदार चाकू को लहराकर आमजनों को डराने धमकाने वाले बदमाश आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है।

ज्ञात हो कि थाना कोतवाली क्षेत्र में संजय मार्केट सुलभ शौचालय के पास सोमकुमार नाग नाम का व्यक्ति अपने पास रखे धारदार चाकू को लहराकर डरा धमकाकर भयभीत कर रहा है कि सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के दिशानिर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार धोत्रे के पर्यवेक्षण में नगर निरीक्षक लीलाधर राठौर के नेतृत्व में रवाना होकर मौके से आरोपी सोम कुमार नाग पिता स्व गुठलू नाग उम्र 25 साल पता कालीपुर अटल आवाश धरमपुरा जगदलपुर द्वारा अपने हाथ में लिए एक धारदार चाकू को चला रहा था तथा आने जाने वालों को लहराकर धमकी दे रहा था जो आरोपी के कब्जे से एक धारदार चाकू को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया तथा आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने से आरोपी आज दिनांक 15.10.26 को आरोपी को विधिवत् गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया जिसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया ।

गरियाबंद में रोजगार का बड़ा मौका!, 195 पदों पर होगी भर्ती, 8वीं पास से पोस्ट ग्रेजुएट तक कर सकेंगे आवेदन

गरियाबंद (विश्व परिवार)। नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गरियाबंद में 28 अक्टूबर 2026, बुधवार को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले के माध्यम से विभिन्न निजी प्रतिष्ठानों में कुल 195 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। खास बात यह है कि रोजगार मेले में 8वीं पास से लेकर स्नातकोत्तर और पीजीडीसीए उत्तीर्ण अभ्यर्थियों तक को अपनी योग्यता के अनुरूप नौकरी पाने का अवसर मिलेगा। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, गरियाबंद से प्राप्त जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग तथा संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण, रायपुर के निर्देशानुसार यह रोजगार मेला जिला रोजगार कार्यालय परिसर, गरियाबंद में आयोजित होगा। भर्ती प्रक्रिया सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगी। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित समय पर पहुंचकर भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं।

इन पदों पर होगी भर्ती- रोजगार मेले में दो निजी प्रतिष्ठानों में उपलब्ध रिक्तियों के लिए चयन किया जाएगा। इनमें फायर, सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, भिलाई-दुर्ग और स्वतंत्र माइक्रो फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर शामिल हैं। इन प्रतिष्ठानों में सिक्योरिटी गार्ड, फायरमैन, पैकेजिंग स्टाफ, हेवी लाइसेंसधारी ड्राइवर, वार्ड बॉय, फील्ड ऑफिसर और कलेक्शन ऑफिसर के पदों पर भर्ती की जाएगी। दोनों संस्थानों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इन सभी पदों को मिलाकर कुल 195 रिक्तियां उपलब्ध हैं।

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय अधीक्षण अभियंता, बस्तर जल संसाधन मंडल, जगदलपुर (छ.ग.)
ई.प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(द्वितीय आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 201474/निविदा सूचना क्र. 05/व.ले.लि./2026–27 दि. 14.10.2026

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 02.11.2026 17:30 तक ऑनलाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है

कार्य का नाम –नारायणपुर जिले के विकासखंड नारायणपुर के जल संसाधन संभाग, नारायणपुर में निरीक्षण गृह का निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत–रू. 179.61 लाख (जी.एस.टी. छोड़कर)
(छ.ग. लो.नि.वि के दिनांक 01.06.2020 से प्रचलित वि/यां एस.ओ.आर., छ.ग. लो.नि.वि के दिनांक 01.01.2025 से प्रचलित रोड़ एस.ओ.आर. तथा छ.ग. लो.नि.वि के दिनांक 01.01.2015 से प्रचलित बिल्डिंग एस.ओ.आर. पर आधारित)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई–प्रोक्योरमेंट़ वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 21.10.2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों कोई–प्रोक्योरमेंट़ वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। इस निविदा में जल संसाधन विभाग द्वारा दिनांक 01.11.2025 से अभी तक जारी समस्त निविदा पूर्व अर्हता प्रमाण पत्र मान्य होगा (प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग के पत्र क्रमांक 425001/TC/2016/ सर्कू/अस्थायी /7989 रायपुर दिनांक 30.09.2026 के अनुसार).

G-262703999/2

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, नारायणपुर
कृते अधीक्षण अभियंता
बस्तर जल संसाधन मंडल, जगदलपुर

महिला से छेड़छाड़ के आरोप में हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल

जगदलपुर। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में महिला से छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर आरोपी गौरव बिसाई (25) को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पर 11 अक्टूबर को अपने पड़ोस में रहने वाली महिला के साथ गलत नियत से हाथ-बांह पकड़कर छेड़छाड़ करने का आरोप है। मामले में अपराध दर्ज कर जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, धरमपुरा स्थित शराब दुकान की मैनेजर ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि 11 अक्टूबर 2026 की शाम करीब 6 बजे वह अपने किराये के मकान में खाना बना रही थीं। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला गौरव बिसाई वहां पहुंचा और कथित तौर पर गलत नियत से उनका हाथ-बांह पकड़कर छेड़छाड़ करने लगा।

शिकायत पर दर्ज किया गया अपराध- महिला की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अपराध क्रमांक 230/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 74 और 331(1) में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने पीड़िता और गवाहों के बयान दर्ज किए तथा अन्य साक्ष्य जुटाए। इसके बाद आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपी ने घटना में शामिल होना स्वीकार किया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

एसपी के निर्देश पर कार्रवाई- बस्तर पुलिस के मुताबिक, पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर के मार्गदर्शन और नगर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार धोत्रे के पर्यवेक्षण में आपराधिक तत्वों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई की।

इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका- कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर, उपनिरीक्षक अरुण मरकाम, थाना प्रभारी क्क्ष्ठ रानी सोनी, प्रधान आरक्षक विनोद चांदने तथा आरक्षक भीम मंडावी, टामन बघेल, हरीश कश्यप और राजू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

जामताड़ा के साइबर ठगों पर बस्तर पुलिस का शिकंजा, 5.90 लाख की ठगी में दो आरोपी गिरफ्तार

फेसबुक पर पेंशन कार्ड बनवाने का विज्ञापन देकर सेवानिवृत्त शिक्षक को बनाया निशाना, 82 एटीएम कार्ड सहित मोबाइल और नकदी बरामद

जगदलपुर (विश्व परिवार)। बस्तर पुलिस ने अंतरराज्यीय साइबर ठगी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए झारखंड के जामताड़ा जिले के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने सेवानिवृत्त शिक्षक को पेंशन कार्ड बनवाने का झांसा देकर उनके बैंक खाते से 5 लाख 90 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर ठगी की थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से विभिन्न बैंकों के 82 एटीएम कार्ड, 6 मोबाइल फोन, 25 हजार रुपये नकद और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री बरामद की है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान- सहबाज अंसारी (34 वर्ष), पिता इजराइल मिया, निवासी कोरीडी, नारायणपुर, जिला जामताड़ा, झारखंड।

जियाउल हक (36 वर्ष), पिता नफील मिया, निवासी मानपुर, कोईडीह-2, जिला जामताड़ा, झारखंड।

फेसबुक पर विज्ञापन देखकर किया था संपर्क- पुलिस के मुताबिक, पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई थी कि फेसबुक पर सीनियर सिटीजन पेंशन कार्ड बनवाने से संबंधित विज्ञापन देखकर उन्होंने लिंक पर क्लिक किया था। इसके बाद खुले ऑनलाइन फॉर्म में नाम, पता, आधार कार्ड, पैन कार्ड, मोबाइल नंबर और बैंक खाते से जुड़ी जानकारी भरने का विकल्प दिया गया। फॉर्म में अधूरी जानकारी छोड़ने के बाद अज्ञात मोबाइल नंबर से फोन आया। ठगों ने पीड़ित की व्यक्तिगत और बैंकिंग जानकारी हासिल करड्ढह्यक्र उनके खाते से 5.90 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए।

मामले में थाना फ्रेजरपुर (परपा) में अपराध क्रमांक 241/2026 दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर के पर्यवेक्षण में नगर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार धोत्रे और साइबर सेल के उप पुलिस अधीक्षक चंद्रहास के मार्गदर्शन में अलग-अलग टीमें गठित की गई।

तकनीकी जांच में जामताड़ा के आरोपियों का मिला सुराग- जांच के दौरान VOB पुलिस ने ठगी में इस्तेमाल किए गए मोबाइल नंबरों, रकम ट्रांसफर किए गए बैंक खातों और एटीएम से निकासी की जानकारी जुटाई। तकनीकी विश्लेषण से आरोपियों का संबंध झारखंड के जामताड़ा से सामने आया। आरोपी लगातार अपनी लोकेशन बदल रहे थे, लेकिन पुलिस ने जांच के दौरान उनकी लोकेशन कोलकाता में ट्रेस कर ली।

इसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर निरीक्षक सागर पाठक के नेतृत्व में पुलिस टीम को कोलकाता, पश्चिम बंगाल भेजा गया। टीम ने पार्क स्ट्रीट क्षेत्र के करीब 200 होटलों में जानकारी जुटाते हुए स्थानीय पुलिस की मदद से घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

82 एटीएम कार्ड सहित कई सामान जब्त- पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अलग-अलग बैंकों के 82 एटीएम कार्ड, 6 मोबाइल फोन, 25 हजार रुपये नकद और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री जब्त की है। गिरफ्तार आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर बस्तर लाया गया है।

पुलिस अब आरोपियों से बरामद एटीएम कार्ड और मोबाइल नंबरों के आधार पर अन्य जिलों तथा राज्यों में हुई साइबर ठगी की घटनाओं में उनकी संलिप्तता की जानकारी जुटा रही है। पुलिस को इस मामले में और भी खुलासे होने की संभावना है।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)
ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना
तृतीय आमंत्रण
दिनांक 15.10.2026

निम्न कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा 'सी' एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों के लिये आमंत्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 26.10.2026 तक है।

एन.आई.टी क्र/ निविदा क्रं	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3
NIT NO. 189 Tender No. 201613	जिला महासमुंद के उपसंभाग क्रमांक 02 अंतर्गत विभिन्न राज्य मार्ग, मुख्य जिला मार्ग एवं ग्रामीण मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. व बी.टी. पेच मरम्मत कार्य।	रू. 122.97 लाख
NIT NO. 190 Tender No. 201664	जिला महासमुंद के उपसंभाग पिथौरा अंतर्गत विभिन्न राज्य मार्ग, मुख्य जिला मार्ग, अन्य जिला मार्ग एवं ग्रामीण मार्गों में बी.टी. पेच मरम्मत कार्य।	रू. 123.02 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्युडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्युडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र बिड केपेसीटी उपलब्धता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेग, एवं निविदाकारो द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारो का मोबाईल न. एवं इमेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रुप से करें।

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि., रायपुर मण्डल क्र. 2 (छ.ग.)

जी- 262704047/5
आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सहसपुर लोहारा कॉलेज को दी 50 लाख के विकास कार्यों की सौगात

■ 30 लाख के अतिरिक्त कक्ष का किया भूमिपूजन, बाउंड्रीवॉल और बालिका शौचालय के लिए 20 लाख रुपए की घोषणा की

कवर्धा (विश्व परिवार)। विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने और उच्च शिक्षा के लिए अधोसंरचना मजबूत करने की दिशा में उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा ने आज शासकीय गजानंद माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय, सहसपुर लोहारा में 30 लाख रुपये की लागत से बनने वाले अतिरिक्त कक्ष का भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय में 15 लाख रुपये की लागत से बाउंड्रीवॉल तथा 5 लाख रुपये की लागत से बालिका शौचालय निर्माण कराने की घोषणा की। महाविद्यालय में आयोजित युवा शक्ति संवाद कार्यक्रम में उन्होंने विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर उन्हें अनुशासन, मेहनत और आधुनिक तकनीक के उपयोग से भविष्य संवारने के लिए प्रेरित किया।

अनुशासन और मेहनत से बनाएं भविष्य : उप मुख्यमंत्री

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि युवा अपने लक्ष्य तय करें, अनुशासन में रहें और परिणाम की चिंता छोड़ मेहनत पर ध्यान दें। आधुनिक तकनीक सीखें, लेकिन उसके अधीन न हों। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने युवा शक्ति संवाद में विद्यार्थियों को यह संदेश दिया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कॉलेज करियर बनाने का महत्वपूर्ण केंद्र है। विद्यार्थियों को अनुशासन, मेहनत और स्पष्ट लक्ष्य के साथ आगे बढ़ना चाहिए। श्री शर्मा ने बताया कि कवर्धा क्षेत्र के स्कूलों में डिजिटल बोर्ड लगाए जा रहे हैं। अब महाविद्यालयों में भी डिजिटल बोर्ड के माध्यम से पीएससी, एसएससी और यूपीएससी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की ऑनलाइन कोचिंग उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जाएगा।

तकनीक और नवाचार पर बात करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के युवाओं को आधुनिक एआई टूल्स जैसे चैटजीपीटी, क्लॉड, परप्लेक्सिटी और सोशल मीडिया की तकनीकी समझ होनी चाहिए। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे इन तकनीकों का सही उपयोग कर इनका मास्टर बनें, न कि तकनीक को खुद का मास्टर बनने दें। आधुनिक तकनीक की समझ के साथ अपना ज्ञान और कौशल बढ़ाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मेहनत और तैयारी हमारे हाथ में हैं, इसलिए परिणाम की चिंता करने के बजाय प्रयासों पर ध्यान देना चाहिए। निरंतर अभ्यास, अनुशासन और धैर्य से ही सफलता का रास्ता बनता है। उन्होंने महाविद्यालय को विद्यार्थियों का अपना संस्थान बताते हुए कहा कि जिस तरह दीपावली पर हम अपने घर को संवारते हैं, उसी तरह विद्यार्थियों और शिक्षकों को मिलकर कॉलेज को बेहतर बनाने में योगदान देना चाहिए।

हर्बल मल्टी प्रोडक्ट क्लस्टर में उत्पादन का शुभारंभ

■ कलेक्टर संजय अग्रवाल ने किया शुभारंभ, ग्रामीण रोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

बिलासपुर (विश्व परिवार)। खादी और ग्रामोद्योग आयोग की KRDP योजना के अंतर्गत ग्राम झाल, जिला बिलासपुर में स्थापित हर्बल मल्टी प्रोडक्ट क्लस्टर में आज उत्पादन कार्य का शुभारंभश्री संजय अग्रवाल, कलेक्टर, बिलासपुर द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम खादी सेवा संकल्प महोत्सव के अवसर पर आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित करना, स्थानीय प्राकृतिक संसाधनों का सदुपयोग करना तथा ग्रामीण कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाना है। इस अवसर पर श्री संजीव शर्मा, सहायक निदेशक। (प्रभारी), खादी और ग्रामोद्योग आयोग, रायपुर; श्री नारायण नामदेव, प्रांत सह प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ; श्री अक्षय अरुण अलकरी, प्रांत संयोजक, पर्यावरण, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ; श्री रामावतार अग्रवाल, अध्यक्ष, राही; श्री सिद्धार्थ पांडेय, सचिव, छत्तीसगढ़ महिला मंच; सुश्री अरुणा खेस, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर बिल्हा; श्रीमती ज्योति अग्रवाल, क्लस्टर डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव सहित अन्य गणमान्य अतिथि एवं क्लस्टर के लाभार्थी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने इस पहल को ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण एवं स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। हर्बल मल्टी प्रोडक्ट क्लस्टर की स्थापना खादी और ग्रामोद्योग आयोग की KRDP योजना के अंतर्गत ग्रामीण विकास एवं शोध संस्थान (राही), ग्राम झाल, बिलासपुर के माध्यम से की गई है। इस क्लस्टर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों एवं जड़ी-बूटियों का उपयोग कर हर्बल उत्पादों का निर्माण करना तथा ग्रामीण कारीगरों को स्थायी आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना है।

समान नागरिक संहिता पर उच्च स्तरीय समिति की बैठक

■ मुख्य विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श

जगदलपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ में समान नागरिक संहिता को लागू करने तथा इसका प्रभावी प्रारूप तैयार करने की दिशा में गठित उच्च स्तरीय समिति द्वारा बस्तर संभाग के मुख्यालय जगदलपुर स्थित जिला कलेक्टोरेट के प्रेरणा हॉल में एक महत्वपूर्ण बैठक एवं समूह चर्चा का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा में उच्च स्तरीय प्रारूप समिति के अध्यक्ष श्री एमके राऊत, सदस्य श्री मोहन सिंह पवार, श्रीमती ज्योति रानी सिंह, समिति के सचिव श्री श्याम धावड़े तथा कमिश्नर श्री डोमन सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान जगदलपुर और कोंडागांव जिले के प्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों, सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रमुखों, शिक्षाविदों तथा विभिन्न आयोगों व निगमों के पदाधिकारियों ने समान नागरिक संहिता के विभिन्न प्रावधानों और उनके सामाजिक प्रभावों पर व्यापक मंथन किया। इस विमर्श के केंद्र में मुख्य रूप से चार प्रमुख विषय-विवाह और तलाक, उत्तराधिकार एवं विरासत, भरण-पोषण और सहायता तथा लिव-इन संबंध शामिल रहे।

सम्पूर्ण कार्यवाही का विधिवत दस्तावेजीकरण, वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी सुनिश्चित की गई, जिससे प्राप्त सभी सुझावों को राज्य स्तर पर तैयार होने वाले ड्राफ्ट में शामिल किया जा सके। इसके साथ ही आम नागरिकों से सुझाव आमंत्रित करने हेतु वेब पोर्टल https://ucc.cgstate.gov.in/ एवं ईमेल ucc-chhattisgarh@cg.gov.in भी जारी किया गया है, जिसके माध्यम से इच्छुक व्यक्ति अथवा संगठन नवीन सर्किट हाउस, सिविल लाइन्स, रायपुर स्थित समिति कार्यालय के पते पर या डिजिटल माध्यम से 30 अक्टूबर 2026 तक अपने विचार प्रेषित कर सकते हैं।

एम्स रायपुर में कुष्ठ रोग निदान हेतु कार्यक्रम का आयोजन

■ बहुविषयक उपचार दृष्टिकोण, आधुनिक क्लिनिक कोचिंग और राष्ट्रीय कुष्ठ एमबीए पाठ्यक्रम पर विशेषज्ञों ने साझा किया अनुभव



रायपुर (विश्व परिवार)। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), रायपुर के त्वचा रोग विभाग कुष्ठ रोग एवं माइसेटोमा के निदान एवं प्रबंधन पर सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय त्वचा रोग, रतिज रोग एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ संघ (आईएडीवीएल) अकादमी ने छत्तीसगढ़ राज्य शाखा और एम्स रायपुर के त्वचा रोग विभाग के सहयोग से इस कार्यक्रम का संचालन किया। इसका उद्देश्य कुष्ठ रोग, मायसेटोमा सहित अन्य अपेक्षित त्रैमासिक पत्थरों के निदान, नैदानिक आकलन और उपचार के संबंध में क्रोम के ज्ञान एवं कौशल पर बातचीत करना था।

कार्यक्रम का उद्घाटन एम्स रायपुर के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) ने किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता (शैक्षणिक) डॉ. एली महापात्रा, जेएसएस मेडिकल कॉलेज, मलेशिया के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रेनुगा पी.एस.एस., आईएवीडीएल छत्तीसगढ़ राज्य शाखा के अध्यक्ष डॉ. पियॉवस अग्रवाल और एम्स रामपुर के त्वचा रोग विभाग प्रमुख एवं कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. सत्यकी प्रस्तुति कर रहे हैं।

वैज्ञानिक सत्रों में कुष्ठ रोग और सेट मायोमा के निदान और उपचार से जुड़े विभिन्न विवरणों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेषज्ञ होने ने कुस्थ रोग में तंत्रिका संवहन परीक्षण, रोग के कारण वाली संयुक्तता के प्रबंधन के लिए उपयुक्त स्प्लिंट का चयन, नमूना संग्रह की तकनीक और मैसेटोमा के निदान में ट्यूमर विज्ञान विकृति (हिस्टोपैथोलॉजी) की भूमिका पर अवलोकन नीचे दिया गया है। इसके अलावा, छत्तीसगढ़ में कुष्ठ रोग उपचार के इतिहास, राष्ट्रीय कुष्ठ रोग नियंत्रण कार्यक्रम और कुष्ठ रोग नियंत्रण में निजी उद्यमों की भूमिका पर भी विचार-विमर्श किया गया।

इन सत्रों में डॉ. नील प्रभात, डॉ. सरवाना सुक्रिया एस., डॉ. जयदीप नंदी, डॉ. प्रेरणा केचे, डॉ. राकेश कुमार गुप्ता, डॉ. डेविड हेनरी और डॉ. संदीप एस. जोगदंड ने विशेषज्ञ वक्ता के रूप में भाग लिया। जेएसएस मेडिकल कॉलेज, मैसूर के डॉ. रेनूगा पी.एस.एस. ने कुष्ठ रोग एवं मायसेटोमा के प्रबंधन पर पैनल चर्चा का संचालन आयोजित किया। वहीं, डॉ. ग्रैंड गोल्डनकार ने छात्र-छात्राओं के लिए प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया।

कन्हैयालाल जी कसार उस्ताद की 24 वीं पुण्यतिथि मनाई

रायपुर (विश्व परिवार)। स्व. श्री कन्हैयालाल जी कसार (उस्ताद) जी की 24वीं पुण्य तिथि 18 अक्टूबर 2026 रायपुर कॉन्वेंट उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के संस्थापक स्व.श्री कन्हैयालाल जी कसार उस्ताद की 24 वीं पुण्यतिथि मनाने आज हम सब उपस्थित हुए हैं। उन्होंने 70 वर्ष की आयु में शुक्रवार दिनांक 18/10/2002 को अंतिम सांस ली थी। आपका जन्म सत्तीबाजार रायपुर में हुआ था। आपके पिताजी का नाम श्री दयाराम कसार तथा माता का जी का नाम श्रीमति मुलिया बाई था। आपके पिता श्री दयाराम कसार जी ख्याति प्राप्त पहलवान थे। उन्हीं का अनुसरण करते हुए पहलवान बन गये और खूब नाम कमाये। अपकी पत्नी का नाम श्रीमति मनोरमा कसार था। आप जब 9 वर्ष के थे तभी उनके पिताजी का देहान्त हो गया। तब बड़े भाई मात्र 11 वर्ष के थे। आप 09 वर्ष की उम्र से ही सत्तीबाजार व्यायाम शाला जाने लगे थे। आज से 98 वर्ष पूर्व जब छुआछुत का काफी बोल-बाला था उस समय भी सभी जाति, धर्म के लोगों को कुश्ती सिखाते थे। घर में जब वे जाते उनकी माता जी उन्हे बाहर स्नान कर घर में कदम रखने को कहती थी। छुआछुत की परवाह किये बिना सबको गले लगाया। 80 वर्ष पूर्व रायपुर शहर में 07 व्यायाम शाला थे जैसे बढ़ईपारा व्यायाम शाला, बंजारी चौक व्यायाम शाला, जैतुसाव मठ व्यायाम शाला, दन्तेश्वरी व्यायाम शाला, शुक्रवारी बाजार व्यायाम शाला, जोरापारा व्यायाम शाला, नयापारा व्यायाम शाला, आपके सभी अखाड़े के उस्तादों से काफी मित्रवत् व्यवहार रहा। आपके गुरू स्व. श्री आलोपी पहलवान जी थे। जो कानपूर के जाने-माने कुश्ती के उस्ताद थे।

लोक निर्माण विभाग के सचिव ने सड़कों पुलों के कार्यों का किया निरीक्षण

रायपुर (विश्व परिवार)। लोक निर्माण विभाग के सचिव श्री मुकेश कुमार बंसल ने जांजगीर-चांपा और कोरबा जिले का दौरा कर निर्माणाधीन सड़कों एवं पुलों का निरीक्षण किया। उन्होंने फील्ड पर कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और कार्यों में तेजी लाते हुए शीघ्र पूर्ण करने को कहा। उन्होंने पामगढ़ और कोरबा में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर दोनों जिलों में निर्माणाधीन, स्वीकृत और प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता श्री वी.के. भतपहरी भी इस दौरान मौजूद थे। विभागीय सचिव श्री बंसल को पामगढ़ रेस्ट हाऊस में बैठक के दौरान बिलासपुर सेतु संभाग के अधिकारियों ने बताया कि जांजगीर-चांपा जिले के धनवारपारा (सलनी)-नवागांव मार्ग पर बोराई नदी पर उच्च स्तरीय पुल और पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। इसके 905 मीटर में बी.टी. कार्य शेष है। सचिव श्री बंसल ने अधिकारियों को वर्तमान संपादित अनुबंध के अनुसार बी.टी. कार्य पूर्ण कराते हुए अनुबंध शीघ्र समाप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों की मांग के अनुसार 1200 मीटर अतिरिक्त बी.टी. सड़क के निर्माण के लिए पृथक पुनरीक्षित प्राक्कलन तैयार कर शासन को भेजने को कहा। श्री बंसल ने अधिकारियों को पी.डब्ल्यू.एम.आई.एस. में पूर्व वर्षों के पूर्ण कार्यों के अंतिम पूर्ण देयक से संबंधित कार्यवाही पूर्ण कर अद्यतन डॉटा पी.डब्ल्यू.एम.आई.एस. में एन्ट्री करने के निर्देश दिए।

दुर्गा विसर्जन, नगर निगम ने की व्यापक व्यवस्था

■ मोहारा स्थित विसर्जन कुंड की सफाई जारी

राजनांदगांव (विश्व परिवार)। नगर निगम द्वारा दुर्गा विसर्जन अवसर पर मूलभुत सुविधा सहित व्यापक व्यवस्था की जा रही है। जिसके लिये निगम के अधिकारियो कर्मचारियों को दायित्व सौपा गया है तथा मोहारा स्थित विसर्जन कुंड की सफाई करायी जा रही है। निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम ने समितियो से अपील की है कि दुर्गा, काली एवं सरस्वती की प्रतिमा मोहारा स्थित विसर्जन कुण्ड में ही करे, तालाबो को प्रदुषण से बचाने अन्य तालाबो में विसर्जन न करे। उक्ताशय की जानकारी देते हुये नगर निगम आयुक्त श्री मरकाम ने बताया कि दुर्गा विसर्जन पर्व पर मूलभूत दायित्वों के निर्वहन के लिये अधिकारियों व कर्मचारियों को दायित्व सौपा गया है। जिसके लिये कार्यपालन अभियंता (संविदा) श्री यू.के.रामटेके (मो.नं. 98271-18810) को नोडल अधिकारी तथा प्र.कार्यपालन अभियंता श्री प्रणय मेश्राम (मो.नं. 83197-29288) को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। साथ ही कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे (मो.नं. 79993-94145) सहित दोनों कार्यपालन अभियंताओ को अपने अपने प्रभारित वार्ड में दुर्गा विसर्जन रूट में पेचवर्क, डस्ट,फिलिंग आदि कार्य कराने का दायित्व सौपा गया है।

दुर्गा पण्डाल में एवं विसर्जन के दौरान स्वच्छता रखने पॉली पापर का उपयोग नही करने आयुक्त ने की अपील

राजनांदगांव (विश्व परिवार)। दुर्गा पर्व में पण्डालों मे विराजित मॉ दुर्गा,मॉ काली एवं मॉ सरस्वती प्रतिमा स्थल में पूजा आरती व विभिन्न आयोजनो के दौरान स्वच्छता कायम रखने तथा आयोजनो व विसर्जन के दौरान पाली पापर का उपयोग नही करने निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम ने समितियो से अपील की है। उन्होंने प्रतिमा विसर्जन मोहारा स्थित विसर्जन कुण्ड में ही विसर्जित करने की भी अपील किए है।

आयुक्त श्री मरकान ने अपील के माध्यम से दुर्गा समितियो से कहा है कि विकसित भारत की परिकल्पना में स्वच्छता का विशेष महत्व है। वर्तमान में शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता अभियान गत माह से चलाया जा रहा है। इसके परिपालन में पूरे शहर में स्वच्छता का वातावरण निर्मित कराना है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट एवं राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के द्वारा पर्यावरण संरक्षण एंव स्वच्छता के लिए दिशा निर्देश दिए गये है, जिसका क्रियान्वयन हम सबको करना है। प्राय: यह देखा गया है कि पूजा या आयोजनो के दौरान समितियो द्वारा पाली पापर उडाया जाता है, जिससे गंदगी फैलती है। चुकि पॉली पापर का पालिथीन की सफाई नही होती जमीन में चिपक जाती है, वह ऐसा प्लांस्टिक है,जो 50 साल तक नही सडता जिससे स्वच्छता में दुष्प्रभाव पड़ता है। जिसे ध्यान में रखकर इसका उपयोग नही करने सभी समितियो से अपील की जा रही है। उन्होंने कहा कि समिति उत्सव मनाने के दौरान पॉली पापर के स्थान पर गुलाब या गेंदा फूल की पंखुडी का उपयोग कर सकते है। उन्होने संस्कारधानी के वरिष्ठ नागरिको से भी अपील किये है कि समिति से जुडे युवाओ को स्वच्छता कायम रखने पॉली पापर का उपयोग नही करने समझाईस देवे, उन्हें समझाए कि धार्मिक परंपरा के अनुसार पूजा प्रसादी वितरण करे तथा प्रतिमा विसर्जित करें।

कलिंगा विश्वविद्यालय ने गरबा नाइट के साथ मनाया नवरात्रि का पर्व

नवा रायपुर (विश्व परिवार)। कलिंगा विश्वविद्यालय में नवरात्रि का पावन पर्व श्रद्धा, उत्साह और सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्रावास के विद्यार्थियों तथा विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उत्सव मनाया। इस कार्यक्रम का आयोजन डीन ऑफस्टूडेंट्स वेलफेयर द्वारा किया गया तथा आरसी ब्लड सेंटर द्वारा उदारतापूर्वक प्रायोजित किया गया। इस आयोजन ने भारतीय परंपराओं के संरक्षण, विद्यार्थियों की सहभागिता को प्रोत्साहित करने तथा एकता और आपसी सौहार्द की भावना को सुदृढ़ करने के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात माँ अम्बे की आरती की गई। इस दौरान सुख, समृद्धि, सकारात्मकता और कल्याण की कामना करते हुए माँ का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। आध्यात्मिक वातावरण के पश्चात विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने पारंपरिक नवरात्रि गीतों पर एक विशेष स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। इस मनमोहक प्रस्तुति ने कार्यक्रम में रंग और उल्लास भर दिया तथा भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा, सहजता और उत्साह को खूबसूरती से प्रदर्शित किया।

स्वागत नृत्य के पश्चात अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथि का पौधे भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। यह सम्मान, कृतज्ञता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का प्रतीक रहा। इस अवसर पर आरसी ब्लड सेंटर के प्रशासन का प्रतिनिधित्व करते हुए सुश्री दीपिका सिन्हा की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनकी उपस्थिति ने सामाजिक सहभागिता और सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने में शैक्षणिक संस्थानों एवं स्वास्थ्य सेवा संगठनों के बीच सहयोग के महत्व को रेखांकित किया। आरसी ब्लड सेंटर द्वारा प्रदान किया गया प्रायोजन भी विद्यार्थियों की गतिविधियों एवं परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों को सहयोग देने में संस्थागत साझेदारी की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है।

इस उत्सव में छात्रावास के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजकर उत्सव की उमंग को और भी आकर्षक बना दिया। नवरात्रि के नौ दिवसीय पर्व की परंपरा से प्रेरित होकर विश्वविद्यालय समुदाय के सदस्यों ने माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों से जुड़े विभिन्न रंगों के परिधान धारण किए। यह भारतीय परंपराओं के प्रति उनकी श्रद्धा, आस्था और सांस्कृतिक जुड़ाव का प्रतीक रहा।

संध्या का प्रमुख आकर्षण पारंपरिक गरबा कार्यक्रम रहा, जिसने संगीत, लयबद्ध नृत्य और उत्सव के उल्लास से पूरे परिसर को जीवंत बना दिया। विद्यार्थियों ने पारंपरिक नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से नवरात्रि के उत्साह को पूरे जोश के साथ अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम को और अधिक रोमांचक बनाने के लिए विभिन्न उपाधियों एवं श्रेणियों के अंतर्गत आकर्षक पुरस्कार भी रखे गए, जिससे विद्यार्थियों को अपनी शैली, प्रतिभा और रचनात्मकता प्रदर्शित करने का अवसर मिला। इन प्रतियोगिताओं ने प्रतिभागियों के उत्साह को और बढ़ाया तथा आयोजन को अधिक रोचक, सहभागी और यादगार बना दिया।

ह्यूमन वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा 'Orphan Scholarship Program' का आयोजन

रायपुर (विश्व परिवार)। ह्यूमन वेलफेयर फउंडेशन द्वारा अनाथ बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और बेहतर भविष्य को ध्यान में रखते हुए 'Orphan Scholarship Program' का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद अनाथ बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य की जांच, शैक्षणिक मार्गदर्शन और भविष्य के लिए उचित परामर्श प्रदान करना है।

कार्यक्रम के अंतर्गत कल दिनांक 17/10/ 26 को अनाथ बच्चों के लिए मेडिकल चेक-अप एवं Educational Counselling की व्यवस्था की गई है। मेडिकल चेक-अप सुबह 9:00 बजे से होगा, जबकि मुख्य कार्यक्रम सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर प्रोफेसर अय्यूब साहब विशेष वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। साथ ही ह्यूमन वेलफेयर फाउंडेशन, नई दिल्ली के सेक्रेटरी भी विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे बच्चों की शिक्षा, व्यक्तित्व विकास और उज्ज्वल भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन करेंगे।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

पेंशन कार्ड बनाने के नाम पर 5.90 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी

जगदलपुर। बस्तर पुलिस ने सेवानिवृत्त शिक्षक से पेंशन कार्ड बनवाने के नाम पर 5 लाख 90 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी करने वाले अंतरराज्यीय साइबर गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी झारखंड के जामताड़ा जिले के निवासी बताए गए हैं। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश पर गठित टीम ने तकनीकी जांच और लोकेशन ट्रैकिंग के आधार पर कोलकाता में कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को पकड़ा।

हमारी संस्कृति और प्रकृति संरक्षण की परंपरा पूरे देश के लिए प्रेरणा : मुख्यमंत्री साय

■ सारसमाल में कर्मा पूजा महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री, मांदर की थाप पर समाजजनों के साथ किया पारंपरिक कर्मा नृत्य

रायगढ़ (विश्व परिवार)। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि आदिवासी समाज का इतिहास शौर्य, स्वाभिमान, संघर्ष और प्रकृति के प्रति अगाध श्रद्धा का गौरवशाली इतिहास है। हमारी जनजातीय संस्कृति में प्रकृति केवल जीवन का आधार नहीं, बल्कि आराध्य है। जल, जंगल और जमीन के संरक्षण की जो सीख आदिवासी समाज ने सदियों से अपने जीवन और परंपराओं के माध्यम से दी है, वह आज पूरी दुनिया के लिए प्रेरणादायी है। कर्मा पर्व इसी समृद्ध सांस्कृतिक चेतना, सामूहिकता और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का जीवंत प्रतीक है।

मुख्यमंत्री श्री साय आज रायगढ़ जिले के तमनार विकासखंड अंतर्गत ग्राम सारसमाल स्थित माध्यमिक शाला के खेल मैदान में उरांव समाज विकास समिति, छत्तीसगढ़-ओडिशा हिमगिर क्षेत्र द्वारा आयोजित कर्मा पूजा महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने भगवान करम देव तथा आराध्य देव भगवान शिव और माता पार्वती की विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगल की कामना की।

कार्यक्रम में जनजातीय संस्कृति की जीवंत छटा उस समय और मनोहारी हो उठी, जब कर्मा दलों के आग्रह पर मुख्यमंत्री श्री साय स्वयं मांदर लेकर समाजजनों के बीच पहुंचे। मांदर की थाप और पारंपरिक लोकधुनों के बीच मुख्यमंत्री ने महिला-पुरुषों के साथ कर्मा नृत्य किया। मुख्यमंत्री की आत्मीय और सहज सहभागिता से समाजजनों में विशेष उत्साह देखने को मिला। समाज के पदाधिकारियों ने गजमाला पहनाकर मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया।

जनजातीय महापुरुषों का संघर्ष हमारी अमूल्य विरासत

मुख्यमंत्री श्री साय ने कर्मा तिहार की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनजातीय समाज ने देश की संस्कृति और स्वतंत्रता आंदोलन में अविस्मरणीय योगदान दिया है। भगवान बिरसा मुंडा, शहीद वीर नारायण सिंह, गुंडाधुर सहित अनेक जनजातीय महानायकों ने मातृभूमि, स्वाभिमान और अधिकारों की रक्षा के लिए अदम्य साहस के साथ संघर्ष किया। उनके त्याग, तपस्या और बलिदान से नई पीढ़ी को परिचित कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जनजातीय समाज के कल्याण और विकास को विशेष प्राथमिकता देते हुए अलग जनजातीय कार्य मंत्रालय का गठन किया। इससे जनजातीय समाज के विकास के प्रयासों को संस्थागत आधार और नई गति मिली।

मीनल चौबे के जन्मदिन पर महापौर निवास पहुंचकर लोगो ने दी बधाई

रायपुर (विश्व परिवार)। राजधानी शहर की प्रथम नागरिक नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे को उनके जन्मदिन पर बुके प्रदत्त कर दिन भर महापौर निवास में बधाइयाँ देने वाले नागरिकों को ताँता लगा रहा. महापौर श्रीमती मीनल चौबे को महापौर निवास में पहुंचकर राज्यसभा सदस्य श्रीमती लक्ष्मी वर्मा सहित रायपुर पश्चिम विधायक एवं प्रदेश के पूर्व केबिनेट मन्त्री श्री राजेश मूणत, रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी, रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू, धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा, नगर के गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, नवयुवकों, आमजनों सहित नगर निगम रायपुर के सभी जोन कमिश्नरों, नगर निगम रायपुर के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बुके प्रदत्त कर हार्दिक शुभकामनायें दीं. रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने महापौर श्रीमती मीनल चौबे को पुरी के जगप्रसिद्ध महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी, भगवान श्री बलभद्र और माता सुभद्रा की प्रतिकृति प्रदत्त करते हुए उन्हें जन्मदिवस पर हार्दिक शुभकामनायें दीं।

प्रदेश अध्यक्ष किरण देव और मंत्री केदार कश्यप ने किए माँ दन्तेश्वरी के दर्शन

रायपुर (विश्व परिवार)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव तथा प्रदेश सरकार के वन व सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में शुक्रवार को बस्तर की आराध्य देवी माई दन्तेश्वरी का दंतेवाड़ा में दर्शन किए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव तथा कैबिनेट मंत्री श्री कश्यप ने मन्दिर परिसर पहुँचकर सर्वप्रथम माता दन्तेश्वरी की विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की तथा आरती में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने समस्त प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की मंगलकामना की।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव और मंत्री श्री कश्यप ने पूजा-अर्चना के बाद कहा कि माँ दन्तेश्वरी बस्तर समेत समूचे छत्तीसगढ़ की जन-आस्था का केंद्र हैं और माई के आशीर्वाद से प्रदेश निरन्तर विकास व सौहार्द्र के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

सीएम हेल्पलाइन पर अब तक 2.31 लाख से अधिक शिकायतें दर्ज

■ 2.05 लाख से अधिक का हुआ निराकरण

रायपुर (विश्व परिवार)। आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध, संवेदनशील और प्रभावी समाधान सुशासन की पहली कसौटी है। इसी उद्देश्य से शुरू की गई सीएम हेल्पलाइन 1076 कम समय में ही प्रदेशवासियों के लिए भरोसे का महत्वपूर्ण माध्यम बनकर उभरी है। राशन, पेंशन, बिजली, आवास, पेयजल और अन्य नागरिक सेवाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए अब लोगों को बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। नागरिक घर बैठे 1076 पर अपनी शिकायत दर्ज करा रहे हैं और उनके निराकरण की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने आज नवा रायपुर स्थित सीबीडी बिल्डिंग में संचालित सीएम हेल्पलाइन 1076 के कार्यालय पहुंचकर इसके कामकाज की उच्चस्तरीय समीक्षा के दौरान यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों, उनके निराकरण, शिकायतकर्ताओं से लिए जा रहे फीडबैक तथा विभागवार और जिलेवार प्रदर्शन की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला कलेक्टरों से जिलों में शिकायतों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान विभिन्न जिलों के शिकायतकर्ताओं से स्वयं बातचीत कर जाना कि सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराने के बाद उनकी समस्या का समाधान हुआ या नहीं। नागरिकों ने मुख्यमंत्री से सीधे संवाद में अपने अनुभव साझा किए और शिकायतों के निराकरण पर संतुष्टि व्यक्त की।

2.31 लाख शिकायतें दर्ज, 88.85 प्रतिशत का हो चुका निराकरण

समीक्षा बैठक में बताया गया कि 9 जून से 15 अक्टूबर 2026 तक सीएम हेल्पलाइन 1076 पर कुल 2 लाख 31 हजार 850 शिकायतें दर्ज की गई हैं। इनमें से 2 लाख 5 हजार 996 शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है। शेष 25 हजार 854 शिकायतों पर कार्रवाई की जा रही है। इस प्रकार अब तक प्राप्त कुल शिकायतों में से 88.85 प्रतिशत का निराकरण किया जा चुका है। हेल्पलाइन पर प्रतिदिन औसतन 1500 से 2000 शिकायतें प्राप्त हो रही हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने हेल्पलाइन के शुरुआती परिणामों को उत्साहजनक बताते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में शिकायतों का निराकरण अधिकारियों और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। पिछली समीक्षा में दिए गए निर्देशों पर भी अच्छा कार्य हुआ है। इस व्यवस्था को निरंतर बेहतर बनाते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि शिकायतों का निराकरण केवल आंकड़ों तक सीमित न रहे, बल्कि नागरिक को वास्तविक रूप से राहत मिले और वह समाधान से संतुष्ट हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सबसे महत्वपूर्ण है। शिकायत बंद करने से पहले यह सुनिश्चित किया जाए कि संबंधित नागरिक की समस्या वास्तव में दूर हुई है। नागरिकों से मिलने वाला फीडबैक ही इस व्यवस्था की वास्तविक सफलता का आधार होना चाहिए।

एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग ने स्थिति पूरी तरह स्पष्ट कर दी है : मुख्यमंत्री साय

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज पत्रकारों से चर्चा के दौरान एसआईआर को लेकर कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त और दोनों चुनाव आयुक्तों ने संयुक्त प्रेस वार्ता के माध्यम से इससे जुड़े सभी पहलुओं पर विस्तार से स्थिति स्पष्ट कर दी है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा तथ्यात्मक और स्पष्ट जानकारी सामने रखे जाने के बाद एसआईआर को लेकर अब किसी प्रकार के भ्रम या संशय की कोई गुंजाइश नहीं रह जाती है।

केवीके कवर्धा में वर्मीकम्पोस्ट उत्पादन प्रशिक्षण का शुभारंभ

■ वनांचल के 30 युवा कृषक सीखेंगे स्वरोजगार की तकनीक

कवर्धा (विश्व परिवार)। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा द्वारा ग्रामीण युवाओं को कृषि आधारित आजीविका से जोड़ने एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरल योजनांतर्गत वर्मीकम्पोस्ट उत्पादन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 से 17 अक्टूबर, 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन निदेशक विस्तार सेवाएं, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर डॉ. एस. एस. टुटेजा एवं निदेशक, अटारी, जबलपुर डॉ. एस. आर. के. सिंह के मार्गदर्शन तथा कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा के प्रमुख डॉ. बी. पी. त्रिपाठी के नेतृत्व में किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. राजीव श्रीवास्तव, अधिष्ठाता, संत कबीर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, कवर्धा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रमुख डॉ. बी. पी. त्रिपाठी ने अतिथि एवं प्रशिक्षणार्थियों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण के उद्देश्यों तथा ग्रामीण युवाओं के कौशल विकास में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्मीकम्पोस्ट उत्पादन जैविक अपशिष्टों के सदुपयोग, मृदा स्वास्थ्य में सुधार तथा कृषि उत्पादन की लागत कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ग्रामीण युवा इस तकनीक को अपनाकर कम लागत में स्वरोजगार प्रारंभ कर सकते हैं तथा वर्मी कम्पोस्ट के उत्पादन एवं विपणन के माध्यम से अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से प्राप्त तकनीकी ज्ञान का व्यावहारिक उपयोग करते हुए इसे आजीविका के साधन के रूप में विकसित करने का आह्वान किया।

यूसीसी के साथ आदिवासी समाज के साथ षड्यंत्र : बैज

■ बस्तर से लेकर सरगुजा तक आदिवासी यूसीसी को लेकर चिंतित है

रायपुर (विश्व परिवार)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा आदिवासी संस्कृति को नष्ट करने पर तुली है। यूसीसी लागू करना आदिम जाति कल्याण विभाग का नाम बदलना इसी साजिश का हिस्सा है। प्रदेश के आदिवासी इस षड्यंत्र को समझ रहे, इसका पुरजोर विरोध किया जायेगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार में यूसीसी लागू करने जा रही है। यूसीसी से राज्य के 32 प्रतिशत आबादी आदिवासियों के हितों के खिलाफ है। यही कारण है कि सरगुजा से लेकर बस्तर तक आदिवासी समाज के लोग यूसीसी का विरोध कर रही है। यूसीसी कमेटी सरगुजा गयी तो वहां पर लोग इसके खिलाफ में थे। बस्तर में भी आदिवासी समाज यूसीसी को लेकर चिंतित है। राज्य में आदिवासियों को विशेष संवैधानिक संरक्षण मिला है। प्रदेश में पेसा कानून लगा है। पांचवी अनुसूची भी है। आदिवासियों के लिए राजस्व संहिता में विशेष प्रावधान है। विशेष संरक्षित जनजातियां भी है। यदि यूसीसी लागू हो गया तो इन अधिकारों का क्या होगा? सरकार स्पष्ट करे कि यूसीसी से आदिवासियों को नुकसान होगा की नहीं। छत्तीसगढ़ में यूसीसी की जरूरत क्यों है, भाजपा बताये?

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार अपने राजनैतिक एजेंडे को लागू करने जबरिया आदिवासियों पर यूसीसी थोप रही है, जिससे प्रदेश का आदिवासी समाज चिंतित है।

नवरात्रि के पावन अवसर पर वार्ड 18 को मिली बड़ी सौगात

■ अध्यक्ष निधि से बोर खनन का हुआ शुभारंभ

रायपुर (विश्व परिवार)। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर वार्ड 18 शिवपुरी जामुल के निवासियों की लंबे समय से चली आ रही जल समस्या का समाधान हो गया है। अध्यक्ष निधि से वार्ड 18 में बोर खनन कार्य का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में ईश्वर सिंह ठाकुर ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर श्रीफल तोड़कर बोर खनन कार्य की शुरुआत की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

वार्ड 18 में लंबे समय से पेयजल की समस्या बनी हुई थी, जिससे विशेषकर गर्मी के दिनों में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। बोर खनन के बाद वार्ड में नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

इस अवसर पर ईश्वर सिंह ठाकुर ने कहा, नवरात्रि के पावन पर्व पर माता रानी के आशीर्वाद से वार्ड 18 की जनता को यह सौगात मिली है। जल ही जीवन है, और वार्डवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। अध्यक्ष निधि से यह कार्य कराया जा रहा है और जल्द ही वार्ड की जल समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा।

वार्डवासियों ने इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि बोर खनन से जल समस्या दूर होगी।

लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा एवं अराजक गतिविधियों के विरोध में अभाविप का प्रदर्शन

■ अराजकता रोकोः लोकतंत्र अपनाओ अभियान में सैकड़ो विद्यार्थी हुए शामिल

रायपुर (विश्व परिवार)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप), रायपुर महानगर द्वारा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, भ्रामक प्रचार एवं आंदोलन के नाम पर की जा रही कथित अराजक गतिविधियों के विरोध में अराजकता रोको : लोकतंत्र अपनाओ अभियान के अंतर्गत प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के माध्यम से एसआईआर एवं मतदाता सूची से जुड़े विवादों पर भ्रामक जानकारी फैलाने, प्रधानमंत्री के प्रति अपमानजनक भाषा के कथित प्रयोग, AI Impact Summit के दौरान यूथ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलसचिव को थप्पड़ मारने की धमकी देने, पुलिस एवं सुरक्षा बलों के साथ दुर्व्यवहार तथा दिल्ली में एनएसयूआई द्वारा संविधान की प्रस्तावना जलाने की घटना के विरोध में अपनी बात रखी गई। अभाविप ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में विरोध प्रदर्शन का अधिकार महत्वपूर्ण है, लेकिन इसका उपयोग संवैधानिक मर्यादाओं एवं शांतिपूर्ण तरीकों के अनुरूप होना चाहिए।

इस अवसर पर अभाविप छत्तीसगढ़ के प्रदेश सह मंत्री प्रथम राव फुटाने ने कहा कि लोकतंत्र में आंदोलन करना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है, लेकिन इस अधिकार का उपयोग जनहित, राष्ट्रहित, सामाजिक सुधार एवं सरकार की गलत नीतियों के विरोध के लिए होना चाहिए। आंदोलन के नाम पर हिंसा, धमकी, भ्रामक प्रचार, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाना तथा संवैधानिक संस्थाओं एवं व्यक्तियों के प्रति अपमानजनक व्यवहार किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक नागरिक अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों एवं संवैधानिक मर्यादाओं का भी पालन करे।

अभाविप रायपुर महानगर मंत्री सुजल गुप्ता ने कहा कि आंदोलन का उद्देश्य किसी व्यक्ति या संस्था का अपमान करना नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना होना चाहिए। चाहे सरकार की गलत नीतियों का विरोध हो, विद्यार्थियों के अधिकारों की रक्षा हो या सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाना हो, हमारा मार्ग सत्य, संविधान, शांति एवं राष्ट्रहित का मार्ग होना चाहिए। लोकतांत्रिक व्यवस्था में असहमति का सम्मान आवश्यक है, लेकिन असहमति व्यक्त करने के तरीके भी मर्यादित एवं जिम्मेदार होने चाहिए।

आंदोलन में प्रमुख रूप से महानगर छात्रा प्रमुख हर्षित कौर सहित प्रवीण, संकल्प, सुनय, भूषण, खुशबू , साक्षी, काजल , शिवम, कृष्णा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्तिथ रहें।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354